श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 217, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 5 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

गरीबों के प्रति है सरकार की संवेदना: योगी

मिशन रोजगार: लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित, हम अपराधियों को खत्म कर सुरक्षित व निष्पक्ष समाज निर्माण के जरिए गरीबों को योजनाओं का लाभ देने का कर रहे हैं कार्य: सीएम योगी

लखनऊः प्रदेश सरकार की मंशा साफ है। हमारी मंशा व संवेदनाएं गरीब, निराश्रित, वंचित, दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ है। पिछली सरकारों से विपरीत, हमारी संवेदानएं माफिया और किसी अपराधी के साथ नहीं हो सकती हैं क्योंकि वह सुरक्षा, सुशासन और विकास के मार्ग के बैरियर हैं। सरकार की कार्यप्रणाली स्पष्ट है, वह इन बैरियर्स को हटाती है मगर गरीबों को अपनी संवेदना का पात्र बनाती है। गरीबों की सेवा ही सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली और प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं। लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में अल्पसंख्यक तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के लिए कनिष्ठ सहायक व कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर कुल 240 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ स्पष्ट कर दिया कि माफिया व अपराध तंत्र पर नकेल कसने, भ्रष्टाचार मुक्त सुरक्षित व निष्पक्ष समाज की स्थापना पर प्रदेश सरकार का फोकस है जिससे गरीबों को बिना किसी भेदभाव के उनका हक और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

मिशन रोजगार ने अमृतकाल में निष्पक्ष नियुक्तियों का खोला मार्ग

मिशन रोजगार के अंतर्गत मानव संपदा पोर्टल से अल्पसंख्यक व प्रावधिक शिक्षा में 240 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम योगी के प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियर्थियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को मिशन रोजगार के जरिए शासकीय सेवाओं के अतंर्गत निष्पक्ष व मानव हस्तक्षेप रहित प्रक्रिया अपनाकर नियुक्ति दी जा रही है। पिछले 6 वर्षों में मोदी जी के विजन के अंतर्गत प्रदेश ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। जजेस की नियुक्ति को लेकर 6 महीने में हमने कर दिखाया। 60 जनपदों से अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। अब एक क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों को मंच मिल रहा है। प्रदेश सरकार की हर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ रही है। कौन कहां नियुक्त होकर जाएगा यह न किसी मंत्री और न ही किसी सचिव को पता होता है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा तो प्रतिभाओं को मिला मौका

सीएम योगी ने कहा कि कंप्यूटर सहायकों की भी एक बड़ी भूमिका होती है। आज लोगों की धारणाएं उत्तर प्रदेश के लिए बदली हैं। फाइलें अब लटकती नहीं हैं। आज प्रदेश ने सुरक्षा और ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। केंद्र की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। अब तीन दिन में फाइल फाइनल होनी चाहिए। अपने सीनियर्स से कंसल्ट करें, पेंडेसी नहीं करें क्योंकि पेंडेंसी भ्रष्टाचार से जोड़ता है। आज जब भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया तब आप जैसे प्रतिभाशाली लोगों को स्थान मिल पाया है। अन्यथा 2017 के पहले यह सपना था। इससे पहले एक नियुक्ति के पीछे उच्च पदस्त नियुक्ति में लग जाते थे। ऐसे लोग नियुक्त हो जाते थे जिन्हें कंप्यूटर के बारे में कुछ आता नहीं था, अकाउंटेंसी नहीं आती थी तो फाइल कैसे बढ़ती।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर करना होगा फोकस: सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए सोचिए पहले 54 टेबल पर जाता था मगर आज उसे सिंगल टेबल कर दिया गया है। आप एयरपोर्ट पर जाते होंगे तो आपने देखा होगा वहां लगेज आगे बढ़ाने के इक्विपमेंट्स लगे होते हैं। ऐसे ही हमें ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर फोकस करना है। टेक्नोलॉजी ने इस काम को आसान कर दिया है। कोरोना से लेकर अभी तक अनाज हम दे रहे हैं। एक करोड़ लोगों को हम वृद्धावस्था पेंशन के रूप में 1000 रुपए देते हैं जो बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप पर एक क्लिक से हो जाता है। सरकार की मंशा साफ है हमारी मंशा गरीब, निराश्रित के प्रति है, एक दलित और अति पिछड़े व्यक्ति के साथ है।

सीएम ने कहा कि अब जब कोई आपसे पूछेगा कि आपकी नियुक्ति कब हुई तो आप कहेंगे कि 2023 में जब देश आजादी के अमृतकाल में प्रवेश किया था। आपके सामने अब 25 वर्षों की कार्य योजना होनी चाहिए।

बॉक्स

सरकार की नजर में कोई भेद नहीं: सीएम

सीएम योगी ने सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में कहा कि सरकार की निगाह एक है, कोई भेद नहीं है और वह है सबका साथ और सबका विकास। आप भी उसी विजन का हिस्सा बन रहे हैं। आपने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट पास किया होगा, तब 37 लाख लोगों ने परीक्षा दी थी। इसमें से गुजरकर आपने स्थान बनाया है जो हर्ष और बधाई का पात्र है। आप में से कोई नहीं कह सकता कि मेरा चयन किसी फेवर के आधार पर हुआ है। इसमें रिटायर्ड आर्मी सर्विसमैन से लेकर अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े व निराश्रितों समेत सभी को लाभ मिला है।

खुलासा: पीएम मोदी ने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली

नई दिल्ली: पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभालने के बाद से पिछले 9 सालों में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है। सरकार ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में यह बात कही है। जानकारी में कहा है, पीएम हर समय ड्यूटी पर रहते हैं।

असम के सीएम ने शेयर किया जवाब: पुणे के आरटीआई एक्टिविस्ट प्रफुल सारदा ने पीएमओ में आरटीआई दायर कर यह जानकारी मांगी थी। आरटीआई का जवाब ढटड के अवर सचिव परवेश कुमार ने दिया। वे आरटीआई प्रश्नों का जवाब देने वाले संबंधित मंत्रालय के सेंट्रर्ल पब्लिक इनफॉर्मेशन ऑफिसर हैं। जवाब को असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने पर शेयर किया ह

चंद्रकांत पाटिल का दावा, पीएम सिर्फ दो घंटे सोते हैं

पिछले साल महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने दावा किया था कि पीएम मोदी सिर्फ दो घंटे सोते हैं। 2016 में इसी तरह की एक आरटीआई का भी ऐसा ही जवाब मिला था। उस समय एक आरटी आई आवेदक ने देश के प्रधानमंत्री और कैबिनेट सचिवालय से छुट्टी नियमों और प्रक्रि याओं की एक प्रति मांगी थी। पीएमओ ने जवाब में कहा था प्रधानमंत्री को हर समय ड्यूटी पर कहा जा सकता है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने की थी मोदी की तारीफ

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में बताया था कि पीएम कैसे काम करते हैं। बैंकॉक में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा था, मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति होना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है। और मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वह आज के पीएम हैं और मैं उनके मंत्रिमंडल का सदस्य हूं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जब आपके सामने सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती (कोरोना) होती है, तो केवल वही व्यक्ति जो इतना जमीन से जुड़ा हो, कह सकता है कि ठीक है स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है। लेकिन काम से घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा, आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे, आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे, महिलाएं पैसे का बेहतर प्रबंधन करेंगी, यह किसी के मन में नहीं आया होगा? ये केवल मोदी ही थे जो इस लेवल पर बात करते थे। विदेश मंत्री ने कहा कि अच्छे नेता वे लोग होते हैं जो जमीन से जुड़े व अनुभवी होते हैं और उनमें देश को एक अलग स्तर पर ले जाने का जुनून भी होता है। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि ऐसे लोग जीवन में एक बार आते हैं। जयशंकर ने कहा कि एक डिप्लोमेट के रूप में हमेशा राजनेताओं के साथ काम किया, लेकिन मोदीजी के साथ बिना किसी वीकएंड के राजनीति की 24*7 दुनिया में प्रवेश करना अलग अनुभव है। 2016 में आवेदक ने यह भी जानना चाहा था ।

अकबर लोन माफी मांगें: सुप्रीम कोर्ट

'हलफनामे में कहें कि मेरी भारतीय संविधान में निष्ठा है'

नई दिल्ली: इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मोहम्मद अकबर लोन हलफनामा (एफिडेविट) दायर करें।

इसमें बताएं कि उनकी भारतीय संविधान में निष्ठा है। वही, कपिल सिब्बल ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से एनसी नेता मोहम्मद अकबर लोन द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कही गई बातों से सहमत नहीं हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं।

कश्मीरी पंडितों ने लगाई याचिका: कश्मीरी पंडितों ने 3 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें याचिकाकर्ता लोन पर सवाल उठाए गए थे। 'रूट्स इन कश्मीर' संगठन ने दावा किया कि लोन घोषित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं।

मां-बाप की जगह कोई नहीं ले सकता दिल्ली: हाईकोर्ट

नई दिल्ली: दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पहली पत्नी की मौत के बाद शख्स अगर दूसरी शादी करता है तो भी उसे पहली पत्नी से हुए बच्चे से अलग नहीं किया जा सकता। यहां तक की मां-बाप आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हों, उस स्थिति में भी बच्चे के पेरेंट्स की जगह कोई नहीं ले सकता। कोर्ट ने सोमवार को एक मामले में पिता को बेटे से मिलने की अनुमति देते हुए यह कमेंट किया। मामला साल 2010 का है, बच्चे की मां की मौत हो गई थी। महिला के परिजन ने दामाद के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया। 2 साल जेल में बिताने के बाद 2012 में कोर्ट ने उसे बरी कर दिया था। इस फैसले को ससुराल के लोगों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है, अपील अभी लंबित है।

मां की मौत के समय दोनों का डेढ़ साल का एक बच्चा था। जो पिता के जेल जाने के बाद से अपने नाना-नानी के साथ रह रहा था। अब नाना-नानी ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर बच्चे की स्थायी कस्टडी मांगी थी।

उदयनिधि के बयान पर बरपा हंगामा

हैदराबाद: चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन ने तमिलनाडु के लोगों से द्रमुक को सत्ता से हटाने और मंदिर व्यवस्था तथा सनातन धर्म में विश्वास करने वाले किसी व्यक्ति को चुनने का आह्वान किया।

तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के उन्मूलन की अपील के संदर्भ में उन्होंने यह बात कही है। रंगराजन ने उदयनिधि की टिप्पणी पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता एमके स्टालिन से सनातन धर्म के इतिहास के बारे में पूछना चाहिए।

मणिपुर सीएम ने एडिटर्स गिल्ड के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई

असम: मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार 4 सितंबर को एडिटर्स गिल्ड के मेंबर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। गिल्ड पर राज्य में हिंसा को बढ़ावा देने की कोशिश का आरोप है। इसने एक रिपोर्ट में सरकार की लीडरशिप को पक्षपाती बताया था। बीरेन सिंह ने गिल्ड के तीन सदस्यों पर केस किया है। इन तीनों के नाम सीमा गुहा, भारत भूषण और संजय कपूर हैं। इस मामले में एडिटर्स गिल्ड की तरफ से अब तक कोई रिएक्शन नहीं आया है। सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मैं एडिटर्स गिल्ड के मेंबर्स को वॉर्निंग देता हूं। अगर आपको सच जानना है तो घटना वाली जगह पर जाएं। सच्चाई को जानिए। सभी समुदाय के लोगों से मिलिए, फिर जो जानकारी मिले उसे पब्लिश करें। चुनिंदा लोगों से ही मिलकर कोई नतीजा देना गलत है।

राज्य में हिंसा और झगड़ा फैलाने का आरोप; गिल्ड ने गलत जानकारी वाली फोटो हटाई

एडिटर्स गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में राज्य सरकार पर सवाल उठाए थे एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने 2 सितंबर को एक मीडिया रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट का नाम, फैक्ट- फाइंडिंग मिशन ऑन मीडिया रिपोर्ताज ऑफ द एथनिक वॉयलेंस इन मणिपुर था। रिपोर्ट के अनुसार- एडिटर्स गिल्ड ने 2 सितंबर को सोशल मीडिया हैंडल (ट्विटर) पर अपनी रिपोर्ट शेयर की थी। इसके साथ लिखा था कि- यह बात स्पष्ट है कि मणिपुर में हिंसा के समय निष्पक्ष लीडरशिप नहीं हो रही थी।

उदयनिधि के बयान पर हंगामा जारी

संत परमहंस उदयनिधि का सिर कलम करने वाले को 10 करोड़ देंगे

चेन्नई: तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर को सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही थी। अयोध्या के संत परमहंस आचार्य ने सोमवार को उनके बयान पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो उदयनिधि का सिर कलम करके लाएगा, उसे 10 करोड़ रुपए का इनाम मिलेगा। इस दौरान उन्होंने उदयनिधि के पोस्टर पर तलवार चलाई।

उधर, उदयनिधि अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने रविवार शाम को भी सनातन धर्म को खत्म करने की बात दोहराई। उदयनिधि ने चेन्नई में पत्रकारों से बातचीत में कहा- लोगों ने इसे बेवजह नरसंहार से जोड़ा है। शनिवार को बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमिल मालवीय ने उदयनिधि के बयान को नरसंहार के लिए उकसाने वाला बताया था। जिसके बाद उदयनिधि ने कहा - पीएम मोदी भी कांग्रेस मुक्त भारत की बात करते हैं,

तो क्या इसका मतलब यह है कि कांग्रेसियों को मार दिया जाना चाहिए?

जालना में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण:फडणवीस, 1 सितंबर को पुलिस ने लाठीचार्ज किया था

महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आंदोलनकारियों से माफी मांगी

मुंबई: महाराष्ट्र सरकार ने जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे आंदोलनकारियों पर शुक्रवार, 1 सितंबर को लाठीचार्ज के लिए माफी मांगी है। सोमवार को मराठा आरक्षण को लेकर कैबिनेट सब-कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल हुए। बैठक के बाद देवेंद्र फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- जालना में जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। हमले में निर्दोष लोग घायल हुए। मैं सरकार की ओर से माफी मांगता हूं। फडणवीस ने बताया कि सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई उच्च स्तरीय बैठक में संभाजी राजे, उदयनराजे और माराठा संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। फडणवीस ने कहा- मैं महाराष्ट्र सरकार के पिछले कार्यकाल में राज्य का गृहमंत्री था। मराठा संगठनों की ओर से 2000 से अधिक विरोध प्रदर्शन किए गए थे। मैं जालना की घटना के लिए बतौर गृहमंत्री माफी मांगता हूं।

लाठीचार्ज के निर्देश सरकार ने नहीं दिए: फडनवीस ने आरोप लगाया कि घटना को लेकर अब सियासत शुरू हो गई है और पूरे मामले पर राजनीति की रोटी सेंकी जा रही है। जालना में हिंसा को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ एक नैरेटिव सेट किया जा रहा है। यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि राज्य सरकार ने लाठीचार्ज करने का निर्देश दिया था।

केंद्र सरकार ने कहा- लोकसभा चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का इरादा नहीं: अनुराग

एक देश-एक चुनाव: समिति ने चर्चा शुरू की

नई दिल्ली: देश में लोकसभा चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा। ठाकुर ने कहा, 'आम चुनाव समय से पहले या बाद में करवाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यकाल के आखिरी दिन तक देश और जनता की सेवा करना चाहते हैं। भाजपा लंबे समय से एक चुनाव के समर्थन में है। इससे समय-धन बचेगा। इसका इस्तेमाल गरीबों के लिए, देश के विकास के लिए हो सकता है।' दरअसल, संसद का विशेष सत्र बुलाने और एक देश-एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति के गठन के बाद ऐसी अटकलें बढ़ गईं कि लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकते हैं। वहीं, एक देश- एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद कमेटी ने अधिसूचना जारी होने के अगले ही दिन इस पर काम शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय कानून मंत्रालय के टॉप ऑफिसर्स ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात कर उन्हें एक देश-एक चुनाव के मसले पर ब्रीफिंग दी है। केंद्रीय कानून सचिव और इस कमेटी के सचिव नितेन चंद्रा, विधायी सचिव रीता वशिष्ठ और अन्य ने भी कोविंद से इसे लेकर मुलाकात की है।

राहुल ने कहा-वन नेशन-वन इलेक्शन का आइडिया संघ और राज्यों पर हमला: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर लिखा कि मोदी सरकार चाहती है ।

यूपी के एजुकेशन सिस्टम को देश में नंबर वन बनाने का लक्ष्य

नीति आयोग द्वारा जारी एसईक्यूआई और पीजीआई रैंकिंग में प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाने के लिए कृतसंकल्पित योगी सरकार

लखनऊः उत्तर प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को देश में नंबर एक बनाने को लेकर योगी सरकार ने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। नीति आयोग द्वारा जारी स्कूल एजुकेशन क्वालिटी इंडेक्स (एसईक्यूआई) और परफॉर्मेंस ग्रेड इंडेक्स (पीजीआई) में प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। उत्तर प्रदेश में कुल 1.41 लाख परिषदीय व माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें तकरीबन 2.37 करोड़ विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। योगी सरकार की ओर से इस वित्तीय वर्ष में 83 हजार करोड़ रुपए शिक्षा पर खर्च किये जा रहे हैं। प्रति छात्र के हिसाब से देखें तो ये धनराशि 35 हजार रुपये सालाना है। 2017 में सत्ता संभालने के बाद से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिला है। कायाकल्प अभियान के तहत प्रदेश के जर्जर स्कूलों की दशा सुधारने का कार्य तेजी से हुआ है। बीते अगस्त माह में ही प्रदेश सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के दूसरे चरण का शुभारंभ भी कर दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से अबतक 1.36 लाख परिषदीय विद्यालयों का मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ कायाकल्प किया जा चुका है। वहीं 1.64 लाख शिक्षकों की पारदर्शितापरक नियुक्ति को सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। शिक्षकों से जुड़ी सेवाओं को ना सिर्फ मानव संपदा पोर्टल के जरिए डिजिटलीकरण किया गया है, बल्कि बच्चों की शिक्षा से जुड़ी सामग्रियों के लिए 1.91 करोड़ अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि हस्तांतरित की जा रही है।

लेनदेन के विवाद में महाराष्ट्र के पूना में लेहड़ी गांव के युवक की हत्या

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा के लेहड़ी गांव के एक युवक की महाराष्ट्र के पूना में लेन-देन के विवाद में हत्या कर दी गई। परिवार के लोगों ने साथी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। एंबुलेंस द्वारा शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने उसका शव आरोपित के घर पर दफनाने व उसकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। मौके पर एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र पुलिस टीम के साथ मौजूद हैं और समझाने बुझाने में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के लेहड़ी गांव निवासी शुभम कुमार भारतीया (30) पुत्र स्व. लालजी भारतीया महाराष्ट्र के पूना में रहकर प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वहीं शनिवार की शाम शुभम कुमार की पूना में ही लेन-देन के विवाद में हत्या कर दी गई। सूचना पर परिजन वहां पहुंच गए और साथी पर ही हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों द्वारा एंबुलेंस से शव लेकर सोमवार सुबह घर पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को आरोपित के घर पर दफनाने और उसकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। सूचना पर एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर मौजूद हैं और पीड़ित परिवार के लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने बुझाने में जुटे हुए हैं।

दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त देवेंद्र वर्मा पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ क्षेत्र से की गई है।

एसआई लोकेंद्र सिंह ने धारा 498ए, 323, 304बी व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त देवेंद्र वर्मा पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को धर दबोचा। देवेंद्र वर्मा क्षेत्र के ग्राम बढ़ैया का निवासी है। पुलिस ने उसका चालान भेज दिया है।

पुलिस की निगरानी में होगी हर सड़क और गली

शंकरगढ़ थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। सोमवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सात सितंबर को पड़ रहे चेहल्लुम और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सुरक्षा संबंधी तैयारियों पर चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न धर्मों के गुरुओं की मौजूदगी में लोगों से शांति के माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई।

इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी गईं। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि चेहल्लुम और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सभी लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। कहीं पर भी कोई समस्या दिखे तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। कानून को हाथ में लेने की कोशिश न करें। एसओ ने कहा कि यह समाज आपका है और इसी समाज में आप सभी को आगे भी रहना है। इसलिए सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं, पर्वों का सम्मान करें। एक दूसरे को प्रेम का संदेश देकर ही हम सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं। एसओ ने बताया कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में प्रत्येक सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और गलियों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। यह सीसीटीवी कैमरे थाने से जुड़ जाएंगे और थाने के कंट्रोल रूम से इसकी मानीटरिंग की जाएगी। बैठक में एसओ मनोज कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक शिव कुमार यादव, गिरीश मिश्र, उपनिरीक्षक कृष्ण कांत पांडेय, प्रवेश यादव, व्यापार मंडल के महामंत्री रतन केसरवानी, उमा वर्मा, सुजीत केसरवानी, जमील खां, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, संजीव मिश्रा, मंगलेश सिंह, गुलाब सिंह, राजेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

फांसी के फंदे पर लटक कर विवाहिता ने दी जान

अखंड भारत संदेश

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर गांव में सोमवार सुबह भोर में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटककर अपने जीवन को समाप्त कर लिया सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष उतराव पंकज कुमार त्रिपाठी मैं फोर्स मौके पर पहुंचे जहा छत के चूले से लटकती लाश को उतरवा कर पंचनामा कर पी एम हाऊस के लिए भेज दिया वही मृतिका के परिजन की तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार किया है। जाता है कि पवन कुमार पुत्र धीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम बेनीपुर थाना उतरौला प्रयागराज की शादी 29 मई 2021 को रीति रिवाज व राजी खुशी से कैनुआ कंजासा थाना घूरपुर प्रयागराज निवासी हीरा लाल की पुत्री कोमल शर्मा के साथ हुई थी मृतिका कोमल की एक दस माह पुत्री भी है।बताते चले की मृतिका का पिता का आरोप है की शादी के कुछ समय बीतने के बाद पति व ससुरालजन के के लोगो द्वारा दहेज को लेकर आए दिन पुत्री को प्रताणित किया जा रहा था और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह भोर में कोमल साड़ी के फंदे से छत के लगे चूले में लटक कर अपनी जीवन को समाप्त कर दिया।मृतिका के पिता के नामजद तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस पति समेत ससुर,सांस,देवर,ननद आदि पांच लोगो के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर पति को गिरफ्तार कर लिया इस संबंध में स्थानीय पुलिस ने बताया कि लाश का पी एम रिपोर्ट आजाने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

पति समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, पति गिरफ्तार

नैनी थाना में आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न

नैनी। नैनी आने वाले समय में मुख्य त्योहारों को देखते हुए थाना नैनी में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें प्रशासन की ओर से उप जिला अधिकारी करछना, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान, थाना प्रभारी नैनी यशपाल सिंह के नेतृत्व में मीटिंग संपन्न हुई। इस दौरान सभी थाने के चौकी इंचार्ज एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष वार्ड के पार्षद एवं विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा, पर्यावरण संगोष्ठी के साथ किया गया पौधारोपण

अखंड भारत संदेश

सहसों। शिवाजी इंटरमीडिएट कॉलेज सहसों के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छ पर्यावरण पर सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज द्वारा शिक्षक सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छता पखवाड़ा तथा सामाजिक जागरूकता एवं पौधारोपण कॉलेज के प्रांगण में प्रबुद्ध जन सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज के कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार एवं समस्त कर्मचारी तथा गांव के आसपास के प्रबुद्ध नागरिकों, दुकानदारों के पूर्ण सहयोग से गुणात्मक शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजगता और रूढ़िवादी परंपराओं से दूरी बनाने फिजूल खर्ची रोकने के लिए विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व प्रेरणा स्वरूप शिक्षक शिक्षार्थी और शिक्षालय में गुणात्मक शिक्षा जागरूकता अभियान से वैज्ञानिक सोच के साथ मेरी माटी मेरा देश हर दिल में तिरंगा चंद्रयान एवं सूर्ययान की वैज्ञानिक सफलता पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जल जीवन हरियाली मिशन को कामयाब बनाने के लिए पर्यावरण स्वच्छता के लिए पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय जगपत सिंह के मूर्ति पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम आशीष व अन्य के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक तीरथ सिंह ने उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद व्यापित किया। इस मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम में धीरेंद्र सिंह, रामानुज सिंह, राम प्रकाश सिंह, विजय प्रताप सिंह, बीएल साहनी, शिक्षक सुरेंद्र सिंह, अरुण कुमार पटेल, प्रताप बहादुर, भानु प्रताप, आदर्श, वीरेंद्र सिंह, विमल, त्रिवेणी मौर्य, भागीरथी भारतीय, वीरेंद्र सिंह, इंजीनियर डी बी सिंह, सुखराम, बेला सिंह, शमशेर, सुरेश कुमार, आलोक कुमार, दीप नारायण सहित आदि लोग बढ़-चढ़कर पौधारोपण एवं स्वच्छता में सहयोग करते हुए उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

प्रॉपर्टी टैक्स डिजिटाइजेशन महापौर द्वारा उदघाटन

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स (गृहकर) के विषय में आम नागरिकों को सूचना की सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत आज दिनांक 04 सितम्बर 2023 को मा0 महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा हाउस टैक्स कन्ट्रोल रूम का उदघाटन प्रयागराज नगर निगम मुख्यालय में किया गया। हाउस टैक्स कन्ट्रोल रूम द्वारा सभी नागरिकों की गृहकर सम्बन्धी सभी समस्याओं का निवारण किया जायेगा। जिसमें अनेक सर्विसेज उपलब्ध करायी जा रही है:-

1.टैक्स सम्बन्धी समस्याओं एवं जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 2.कॉल सेन्टर द्वारा भवन स्वामियों को टैक्स सम्बन्धी जानकारी एवं टैक्स जमा करने के लिए रिमाइन्डर। 3.बकायेदारों को हाउस टैक्स पेमेन्ट हेतु जानकारी एवं रिमाइन्डर। 4.ऑनलाइन पेमेन्ट हेतु जानकारी एवं समस्याओ का निवारण।

5.आगामी प्रॉपर्टी टैक्स से सम्बन्धी कार्यक्रम के विषय में जानकारी (जैसे जी0आई0एस0 ऑब्जेक्शन निस्तारण कैम्प का दिनांक एवं स्थान)। 6.जोनल कार्यालय एवं टैक्स अधिकारियों की सूची। 7.सिंगल विन्डो क्लीयरेन्स, ऑनलाइन आफलाइन पेमेन्ट से सम्बन्धित जानकारी। 8.आई0वी0आर0एस0 कॉल्स 9.डाटा डिजिटाइजेशन 10.व्हट्सऐप बॉट

ट्रक की टक्कर से दो भैंस व उनके दो बच्चों की मौत, बालिका घायल

जसरा। रविवार की रात घूरपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कांटी गाँव के सामने जारी की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रही ट्रक की टक्कर से दो भैसे व उनके दो बच्चों की घटनास्थल में मौत हो गई तथा पड़ोस की एक बच्ची घायल हो गई। कांटी गाँव निवासी अभय राज पटेल की दो भैसें व दो बड़ी पड़िया सड़क के किनारे स्थित घर के सामने बंधी थी । उन पर लापरवाही से गाड़ी चला रहे ट्रक ड्राइवर ने चढ़ा दिया। जिससे चारों जानवरों की मौके पर ही मौत हो गई। पड़ोस की काजल पटेल पुत्री कमलेश पटेल 12 वर्ष घायल हो गई। घूरपुर थाने में अभय राज पटेल ने तहरीर देते हुए दो भैंसों की कीमत 140000 व दो बड़ी पड़ियों की कीमत ?60000 बताया है । पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सभी जानवरों का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सा अधिकारी जसरा डा०एस बी सिंह द्वारा कराया गया । घटनास्थल पर पहुंची ग्रामीणों की भीड़ ने ड्राइवर की धुनाई की।

सब रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ -सफाई, स्वच्छता एवं साक्षरता अभियान का चला पखवारा

जारी। कौधियारा विकास खंड के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बारी बजहिया मे विद्यालय के अध्यापको एवं बच्चों द्वारा स्वच्छता एवं साक्षरता अभियान की रैली निकाल कर स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति ग्रामीणों कों जागरूक किया गया। खुले में शौच बंद करो, हर रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई, हम ने यह ठाना है, हर गाँव को स्वच्छ बनाना है... सोमवार को स्वच्छता के लिए निकाली गई रैली में यह नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली की शुरूआत प्राथमिक विद्यालय से की गई। इसमें जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी लोगों ने सहभागिता दिखाई। बच्चे, और अभिभावकों का रैली में खास सहयोग रहा। विद्यालय की इंचार्ज प्र0अ0 शिमला पाल, नम्रता द्विवेदी, श्रद्धा सिंह एवं सीता सिंह एवं अभिभावकों ने रैली मे प्रतिभाग किया।

भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा करने की जिलाधिकारी से हुई शिकायत

मेजा खास गांव का मामला, न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षी कर लिया पिलर निर्माण कार्य

कोरांव। मेजा तहसील क्षेत्र के मेजा खास गांव में भूमि धरी जमीन पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी विपक्षियों द्वारा जबरन पिलर निर्माण कार्य कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। शिकायत कर्ता रणजीत कुमार पुत्र स्व राजनारायण निवासी मेजा खास ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि आराजी संख्या 372 का भूमिधर मालिक व काबिज दाखिल है। शिकायतकर्ता ने शिकायती पत्र में बताया है कि गुनई गहरपुर गांव के रहने वाले आशीष कुमार पांडेय पुत्र स्व लाल जी पांडेय आदि के द्वारा न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी जबरन गुंडई के बल पर दर्जनों की संख्या में लेबर मिस्त्री के साथ पिलर निर्माण कार्य कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि थाना मेजा से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थगन आदेश के बाद भी पिलर निर्माण कार्य कर लिया गया। सक्षम अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम मेजा व एसीपी मेजा से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए जांच आख्या मांगी है।

हापुड़ केस : बारा तहसील में वकीलों ने जड़ा ताला, डीजीपी का पुतला फूंका

अखंड भारत संदेश

बारा। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज और दर्ज की गई एफआईआर के विरोध में सोमवार को अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय से लेकर सभी तहसील मुख्यालयों पर अधिवक्ताओं ने तालाबंदी की और नारेबाजी करते हुए डीजीपी का पुतला फूंका। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने गेट नंबर तीन के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हापुड़ केस में की गई मनमानी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। इस दौरान डीजीपी यूपी का पुतला दहन किया गया। अधिवक्ताओं ने हापुड़ कांड के दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने, घायल अधिवक्ताओं के इलाज और आर्थिक सहायता, वकीलों पर दर्ज केस को वापस लेने की मांग की। यमुनापार की बारा तहसील में भी वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन बारा के अध्यक्ष की अगुवाई में तहसील बारा में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तालाबंदी की और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए।अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के मद्देनजर कहीं पर भी न्यायिक कार्य नहीं हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मी तैनात रहे।

एबीवीपी की बैठक में पदाधिकारियों का चयन

धनूपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रयागराज के द्वारा हंडिया नगर इकाई का गठन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी विचारधाराओं का छात्र संगठन है जो शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक हित के लिए कार्य करता है विद्यार्थी परिषद का मानना है विद्यार्थी कल का नहीं, आज का नागरिक है।इस उद्देश्य के साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी सहभागिता करने वाला एक मात्र छात्र संगठन है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी के सपनों का भारत बनाने की लक्ष्य को लेकर परिषद अग्रसर है। विभाग संयोजक शिव कुमार तिवारी तेजस्वी की देखरेख में हंडिया नगर इकाई का गठन किया गया। हंडिया तहसील संयोजक नवीन केसरी ने हंडिया नगर इकाई की घोषणा किया जिसमें नगर अध्यक्ष डॉ क्रांति कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मुरलीधर बिंद, मंत्री कुंवर आदित्य सिंह, सहमंत्री उज्जवल सिंह, सुमित सेठ, प्रतीक मिश्रा, सूर्यांश यादव, तथा एसएफएस संयोजक सत्यम दुबे, खेलो भारत गतिविधि अरविंद सिंह, एसएफडी अभिषेक यादव, इंटर कॉलेज संयोजक सीरीज गौड़ को बनाया गया है।नगर कार्यकारिणी सदस्यों में सुमित सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार, राज पटेल, रवि गुप्ता का चयन किया गया है।इस अवसर पर जिला सह संयोजक विवेक तिवारी, धनूपुर नगर मंत्री पवन रावत, नगर सहमंत्री आशुतोष विश्वकर्मा, उद्भव मिश्रा, अवनीश यादव, संदीप कुमार, सुमित सिंह उपस्थित रहे।

संस्कार भारती के जनपद इकाई का हुआ विस्तार

अखंड भारत संदेश

सहसों। विहिप कार्यालय गोधाम झूंसी में रविवार को संस्कार भारती के प्रयागराज जनपद इकाई का विस्तार हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विभाग संयोजक सुशील राय जी ने संगठन के नए दायित्वों की घोषणा किया। जिसमें जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व कमलेश पाण्डेय कमल को सौपी गई , जिला उपाध्यक्ष के रूप में संतोष शुक्ला, समर्थ मंत्री के रूप में जितेन्द्र मिश्र जलज को एवं मातृ शक्ति का दायित्व मोहनी श्रीवास्तव को सौंपा गया। इसी प्रकार सोराव ब्लॉक संयोजक के रूप में अमित आभास एवं बहादुरपुर ब्लॉक संयोजक के रूप में अभिषेक केशरवानी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गिरिजा शंकर राजन ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की नीतियों पर प्रकाश डाला और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री धनंजय शाश्वत ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कार्य समिति सदस्य आशुतोष शुक्ला, झूसी मंडल अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल , कार्यालय प्रबंधक दिनेश जी एवं वेद प्रकाश श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा पर निकाली गई रैली

अखंड भारत संदेश

सहसों। समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम प्रयागराज द्वारा आयोजित नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा जो 25 अगस्त से शुरू होकर 8 सितंबर तक चलेगा जिसके तहत जिले भर में नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टरों, समाजसेवियों द्वारा मनाते हुए आम जनमानस को जागरुक करते हुए गली मोहल्ले में पैदल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर स्थित आनंद आई केयर केन्द्र से डॉक्टर ए एन मिश्रा के नेतृत्व में सहसों चौराहे तक रैली निकाल कर नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा मनाते हुए लोगों को नेत्र संबंधी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। रैली में प्रमुख रूप से प्रयाग दत्त तिवारी, राजेश जी, विनोद जी, पंच बहादुर, पंकज शुक्ला, आशीष शुक्ला सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जन एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

खबर संक्षेप

ट्रक ऑटो में भिड़ंत कई घायल, दो की हालत गंभीर

झूंसी। वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी त्रिवेणीपुरम गेट के सामने रविवार की रात तेज रफ्तार ट्रक ने अंदावा की ओर जा रही ऑटो में पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए चालक व उसके पिता की हालत गंभीर बताई जा रही है। शाहगंज निवासी हंसराज रविवार की देर रात अपने पिता गंगाराम के साथ ऑटो से शहर से अंदावा की ओर जा रहा था। ऑटो में कुछ और सवारी भी बैठी थी। ऑटो त्रिवेणीपुराम गेट के सामने पहुचा था तभी पीछे से आ रही ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादशे की वजह चीख पुकार मच गई। ऑटो में सवार अन्य लोगो को हल्की छोटे आई जबकि चालक हंसराज व उसके पिता गंगाराम को गंभीर चोट आई मौके पर पहुची पुलिस घायलों को अस्पताल में भर्ती करा कर ट्रक व ऑटो को थाने लाई। हादशे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया था।

जिलाधिकारी संजय खत्री को दी गयी भावपूर्ण विदाई, उपस्थित रहे जिले के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के स्थानांतरण होने के पश्चात सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनको भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस अवसर पर उन्होंने जनपद प्रयागराज के जिलाधिकारी के पद के रूप में किए गए कार्यों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जनपद प्रयागराज का कार्यकाल उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। प्रयागराज के कार्यकाल में बहुत कुछ सीखने को मिला है, जो कि आगे बहुत ही लाभप्रद होगा। उन्होंने यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य के साथ पारिवारिक व अन्य दायित्वों को भी बेहतर ढंग से सामंजस्य बनाकर निर्वहन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी अपर जिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा उनके साथ बिताये गये अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कहा गया कि आपके मार्गदर्शन एवं मार्ग निर्देशन में कार्य करते हुए बहुत कुछ सीखने को मिला, जो कि उनके आगे के सेवाकाल में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। विदाई समारोह में जिलाधिकारी को मोमेण्टों भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन उ0प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा किया गया तथा संचालन महेन्द्र पाण्डेय ने किया।

रक्षा बंधन पर बहनों को भाया सीएम का तोहफा, मुफ्त सफर का बना कीर्तिमान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सीएम योगी की रक्षाबंधन के अवसर पर रोडवेज बसों में बहनों के मुफ्त सफर की योजना में एक नया कीर्तिमान दर्ज हुआ है। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र की बसों में इस बार 1.41 लाख महिलाओं ने मुफ्त सफर किया। यहां इसके पूर्व सर्वाधिक महिलाओं ने वर्ष 2022 में मुफ्त सफर किया था। तब यह संख्या एक लाख 769 रही थी। प्रयागराज रीजन के आठ डिपो की बात करें तो इस बार पर्व के मौके पर महिलाओं को मुफ्त सफर कराने में प्रतापगढ़ डिपो अव्वल रहा। यहां 25 हजार 896 महिलाओं ने मुफ्त सफर किया । दरअसल, प्रदेश में वर्ष 2017 से ही हर वर्ष सीएम योगी आदित्यनाथ प्रत्येक रक्षाबंधन पर महिलाओं को यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त सफर की सौगात दे रहे हैं। पिछली बार की तरह इस बार भी भद्रा की वजह से पर्व दो दिन मनाए जाने की वजह से सरकार ने महिलाओं को दो दिन यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त सफर करने का तोहफा दिया।इस बार प्रदेश भर में 24.50 लाख महिलाओं ने मुफ्त सफर किया। यूपी रोडवेज के प्रयागराज रीजन में यह संख्या एक लाख 41 हजार 301 रही। अगर यह सभी महिलाएं टिकट खरीदतीं तो उससे रोडवेज को 1.40 करोड़ रुपये की आय होती। पिछले रक्षाबंधन की तुलना में इस बार मुफ्त सफर करने वाली महिलाओं की संख्या में 40 हजार 532 का इजाफा हुआ। प्रयागराज रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि पर्व के मौके पर इस बार कीर्तिमान बन गया। इस दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए बसों के अतिरिक्त फेरे भी लगे।

पुरानी पेंशन नही बहाल करने वाली सरकारे सत्ता से बाहर होंगी : मनोज पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

कोराब। गोरखपुर जँ, प्लेटफॉर्म नम्बर एक, संयुक्त क्रू लॉबी पर हजारों पेंशन विहीन रेलवे कर्मचारियों की उपस्थिति में पेंशन महासम्मेलन हुआ सम्पन्न। पेंशन महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि- इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष -मनोज पाण्डेय ने कहा कि आज देश में पुरानी पेंशन के मुद्दे पर सरकारे चुनी जा रही है। यदि केंद्र व राज्य सरकारे पुरानी बहाल नही करेगी तो सरकारें सत्ता से बाहर हो जाएंगी। पेंशन महासम्मेलन के मुख्य वक्ता फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे ऋअठढरफ/ठटडढर के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा है कि नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान पर 1 अक्टूबर 2023 को रामलीला मैंदान, नई दिल्ली में होने वाली पेंशन शंखनाद रैली में रेलवे से लाखों कर्मचारी भागीदारी करेंगे। एनई रेलवे मेंस कॉंग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष- अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि आज पुरानी पेंशन बहाली सरकारी कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा है।

रेलवे से लाखों कर्मचारी 1 अक्टूबर को नई दिल्ली जायेंगे : राजेन्द्र पाल

आज पुरानी पेंशन बहाली सरकारी कर्मचारियों का सबसे बड़ा मुद्दा : अखिलेश पाण्डेय

जनता के सहयोग से रेलवे का निजीकरण रोकेंगे : डॉ कमल उसरी

नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के राष्ट्रीय प्रचार सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार अमीरों का लाभ- गरीबों का विनाश करते हुए पैसेंजर ट्रेन का किराया एक्सप्रेस का कर रही है और वंदे भारत समेत सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराए में 25% तक कटौती कर रही है। आगे डॉ कमल उसरी ने कहा कि रेलवे के निजीकरण के खिलाफ जारी संघर्ष को आम अवाम की भागीदारी के साथ रोका जायेगा। पेंशन महासम्मेलन मे पूर्वोत्तर रेलवे, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के जोनल संयोजक राकेश कुमार ने गोरखपुर की टीम के पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें गोरखपुर प्रभारी/अध्यक्ष - कृष्ण कुमार, सचिव- आयुष कुमार ,कोषाध्यक्ष- चौधरी अभय कुमार ,संगठन सचिव -मुन्ना यादव कार्यालय सचिव-विनम्र कुमार रॉय ,प्रचार सचिव-अनिल कुमार,अनूप श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, नरेश मण्डल -सहायक सचिव, पंकज मिश्रा - संगठन सहायक सचिव, के. पी सिंह संगठन सहायक सचिव ,सक्रिय सदस्य-बी. के. गुप्ता, दिनेश पंडित, हर्षवर्धन सिंह, अमरनाथ कुमार, अशोक चौधरी, इंद्रजीत कुमार, विशाल सिन्हा, शिवपूजन वर्मा, बृजमोहन पाण्डेय, अमित कुमार, विकास कुमार,घोषित किए गए। पेंशन महासम्मेलन में सभी कटेरिगल एसोसिएशन के साथ मुख्य रूप से एलरसा जोनल महासचिव विनय शर्मा, शिवपूजन वर्मा, उत्तर रेलवे से ओबीसी पदाधिकारी मोहम्मद अब्दुल हलीम, एनई रेलवे मेंस कॉंग्रेस सरंक्षक सुभाष दुबे, कारखाना मंडल मंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, युवा मोर्चा महासचिव विजय नाथ ठाकुर, विभेष सिंह राजपूत,निरंजन कुमार सिंह,कमलेश कुमार, प्रदीप कुमार- - अन्य साथी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए है। पेंशन महासम्मेलन का संचालन एलरसा जोनल महासचिव जे एन शाह और फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे, वाराणसी मंड़ल संयोजक संतोष सिंह ने धन्यवाद दिया।

हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में मेजा के अधिवक्ता भड़के

अखंड भारत संदेश

मेजा। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मेजा के अधिवक्ताओं ने सोमवार को धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।तहसील से मेजा कोतवाली तक जुलूस की शक्ल में पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए वापस तहसील पहुंचे जहां अधिवक्ताओं ने सरकार से हापुड़ के डीएम और एसपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई स्थानांतरण की मांग की। मेजा बार के अधिवक्ता महेंद्र कुमार द्विवेदी और मंत्री चंद्रमणि शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।अध्यक्ष ने डीएम प्रयागराज को संबोधित 6 सूत्री ज्ञापन तहसीलदार मेजा नीलम उपाध्याय को देकर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की मांग की।जिसमें 29 अगस्त को हापुड़ जिले की घटना में संलिप्त अधिकारियों व पुलिस के खिलाफ कार्रवाई किए जाने,प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के खिलाफ मनगढ़ंत मुकदमे वापस करने,एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट लागू करने,घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिलाने और स्थानीय थाना मेजा कोतवाली में एक इंस्पेक्टर की तैनाती किए जाने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने तहसील में धरना देने के बाद पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर थाना कोतवाली के सामने पहुंचे अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अधिवक्ताओं को लाठियों से पीटा जा रहा है और उनकी प्राथमकी भी नहीं दर्ज की जा रही है। इस घटना से वकीलों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम नहीं उठाए जाते तब तक मेजा के अधिवक्ता शांत नहीं होंगे। यह भी कहा अगर मांग पूरी नहीं की गई तो अधिवक्ता सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

मेजा। सोमवार को ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानन्द पाण्डेय ब्लाक व्यायाम शिक्षक मेजा के निर्देशन में संविलयन विद्यालय पथरा मेंसम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में संकुल पथरा,खूंटा, ढेरहन, मेजा, बघवा, कोहड़ार और पिपराव के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में पथरा संकुल विजेता तथा संकुल खूंटा उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में भी पथरा संकुल विजेता तथा संकुल खूंटा उपविजेता रहा। जूनियर बालक वर्ग में संकुल पथरा विजेता तथा संकुल बंधवा उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में संकुल पथरा विजेता तथा संकुल पिपराव उपविजेता रहा। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र -प्रताप सिंह, अजब सिंह, हंसराज पाल, मुदित विशाल, वीरेन्द्र', सुभाष मिश्रा, अनिकेत, सचिन, महेश तिवारी, गीता कुमारी (प्रथम) शोभा चौरसिया, सुषमा, कमलेशगुप्ता विनय कुमार आदि अध्यापको ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन श्री नारायण त्रिपाठी जिला मंत्री ने किया।

धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

झूंसी। मुखबिर की सूचना पर झूंसी पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज चमनगंज योगेंद्र कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि सुरेश चंद्र तिवारी पुत्र रमाकांत तिवारी आवास विकास कालोनी योजना 3 पुलिस बूथ के पास से कहीं भगाने के फिराक में है। चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह ने सिपाही अभिषेक सिंह के साथ पहुच कर सुरेश चंद तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। वह धोखाधड़ी के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहा था।

हाईकोर्ट ने कहा : हापुड़ लाठीचार्ज मामले में एसआईटी की रिपोर्ट के बिना किसी पक्ष के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के मामले में एसआईटी की रिपोर्ट आने तक किसी भी पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। लाठीचार्ज की घटना के विरोध में चल रही वकीलों की हड़ताल पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी की कोर्ट को अपर महाधिवक्ता ने बताया कि सरकार ने पूर्व गठित एसआईटी में रिटायर्ड जिला जज हरिनाथ को शामिल कर लिया है। प्रारंभिक जांच एक सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी।कोर्ट ने कहा कि किसी भी पक्ष के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई एसआईटी की रिपोर्ट आने से पहले नहीं की जाएगी। साथ ही मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं को दो टूक शब्दों में यह भी कहा कि मंगलवार से अदालतें काम करेंगी। हालांकि अधिकांश अधिवक्ता इस निर्णय से नाखुश दिखे। न्यायिक कार्य से विरत रहने के फैसले पर निर्णय हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की बैठक में लिया जाएगा। बैठक जारी है। अधिवक्ताओं की तरफ से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव नितिन शर्मा ने बहस की। जबकि सरकार का पक्ष अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल, शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड ने रखा। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ता सोमवार को प्रदेशव्यापी हड़ताल पर हैं। इससे वादकारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके पहले भी शुक्रवार को अधिवक्ता हड़ताल पर थे। लगातार कई दिनों से कोर्ट का कामकाज ठप है। लाठीचार्ज मामले में वकीलों के खिलाफ एकतरफा मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि वकीं की ओर से दी गई तहरीर पर किसी तरह की अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे वकील काफी आक्रोशित हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट के साथ ही कचहरी के भी वकील न्यायिक कार्य से विरत हैं।

बैठक आयोजित कर मेरी माटी मेरा देश पर हुआ चर्चा

सहसों। भाजपा मंडल सहसों के कार्यकर्ताओं की एक बैठक सुखदेव सिंह महा विश्वविद्यालय कसेरूआ कला हसनपुर में आयोजित की गई। बैठक को मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह तथा मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी कुंवर मृगेंद्र सिंह ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय संगठन द्वारा दिशा निर्देशित घोषित कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा एवं जानकारी दी गई। बैठक में पार्टी द्वारा मंडल में आगे निर्धारित होने वाले कार्यक्रमों को कुशलतापूर्वक सफलता के लिए मंडल के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों तथा मंडल का मान बढ़ाने के प्रयास के लिए भी चर्चा किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज एवं संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, जय प्रकाश द्विवेदी, सुरेश कुमार त्रिपाठी, महेश सिंह, दया सिंह, संतोष सिंह, नरेन्द्र कुशवाहा, पुष्कर सिंह, राघवेंद्र सिंह, शंकर लाल, राम सुधार बिन्द, सूर्यमणि पांडे, आदर्श पांडे, रमेश पटेल आदि रहे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2022 अनु. 1221502378 का अंकपत्र खो गया हैं।

ऋषभ पटेल पुत्र सुरेश पटेल, निवासी- मनकवार, घूरपुर प्रयागराज।

कार्यालय ग्राम पंचायत चामू वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः 01/निविदा/एस.एल. डब्ल्यू. एम./2023-24 दिनांक : 01.09.2023

ग्राम पंचायत चामू में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज-2) के अन्तर्गत एस.एल. डब्ल्यू. एम./15वां राज्य वित्त/मनरेगा की धनराशि से पूर्व वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो को पूर्ण करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदिएं सील बन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 04.09.2023 से 18.09.2023 को सायं 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है। दिनांक 18.09.2023 को सायं 4.30 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा दाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा मूल्य रू. में	निर्माण कार्य की अवधि
1.	कचरा वाहन एक नग	1.60 लाख	500	2 माह
2.	आर.आर.सी. सेन्टर (सेग्रीगेशन सेन्टर)	5.0 लाख	500	2 माह
3.	सामुदायिक सोक्ता गड्ढा, लीच पिट, ट्रेन्चिग खाद गडढा	0.25 लाख	500	2 माह
4.	सामुदायिक एवं व्यक्तिगत नाडेफ	1.50 लाख	500	2 माह
5.	स्वच्छता किट	0.25 लाख	500	2 माह
6.	सामुदायिक एवं संस्थागत भस्मक	0.15	500	2 माह
7.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट	–	500	2 माह
8.	आई0आई0सी0 गतिविधि	0.47 लाख	500	2 माह
9.	अन्य व्यय	0.50 लाख	500	2 माह

सामान्य शर्तें :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समग्र रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में 18.09.2023 तक सायं 4.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 4. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय चामू से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय चामू में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

गीता देवी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत चामू
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

राम लाल यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत चामू
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा चतुर्थ विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारा समापन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ मां भगवती जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के भक्तों ने जागरण में हो रहे जगराता और झाकियों से सभी को मोहित कर मंत्रमुग्ध किया तथा भंडारे में प्रयागराज शहर की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी, अपर जिलाधिकारी कौशांबी डा.विश्राम यादव, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी)गुलाब चंद्र अग्रहरि तथा जन सम्पर्क अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल अमित कुमार सिंह एवम बड़े पैमाने पर लोगो ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में लगभग 8 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया आपको बताते चलें कि संस्था द्वारा गरीबों की रक्षा खान-पान रहन-सहन एवं अन्य व्यवस्थाएं भी करती है अभी कोरोना महामारी में संस्था द्वारा 100 लोगों को लगातार भोजन की व्यवस्था कर लोगों तक पहुंचाया गया संस्था के द्वारा भीषण गर्मी में शरबत वितरण करना संस्था के द्वारा प्रतिदिन गरीबों को भोजन की पर्ची प्रदान करना पार्टी से इनको निशुल्क भोजन भोजनालय से प्राप्त होता है संस्था के द्वारा गरीबों को वास्तविक प्रदान करना होता है संस्था के द्वारा रक्तदान भी किया जाता है तथा गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा में हो रहे परेशानी एवं सामान प्रदान करने का भी कार्य किया जाता है उपरोक्त कार्यक्रम को संस्था के अध्यक्ष रखने से यादव जी तथा रंजीत यादव, रवि गुप्ता, अनूप मिश्रा, अरविंद पाण्डेय पत्रकार, पवन मिश्रा अधिवक्ता, सक्षम गुप्ता भानु प्रकाश शिबू यादव अल्ताफ खान, नंदिनी संदीप, रजत, अमित केसरवानी, मोहित अग्रवाल, सुभम अग्रवाल अधिवक्ता,सिद्धार्थ जैन ,मनीष अग्रवाल, हर्ष ,विनीत, विवेक, रामबाबू मिश्रा, अर्शी खान ,गोलू आदि लोग उपस्थित रहे।

आज स्वकर कैम्प के विभिन्न स्थानों पर व वार्ड में लगाए जाएंगे कैंप

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा वृहद स्तर पर चलाये जा रहे स्वकर निर्धारण एवं गृहकर वसूली कार्यवायी में सोमवार को लगाये गये कैम्पों में 132 भवन स्वामियों द्वारा स्वकर रिर्टन भर कर दाखिल किया गया जिसके एवज में 80 भवन स्वामियों द्वारा रू0-5,63,746-00 गृहकर जमा किया गया। अबतक कुल 800 लोगों द्वारा अपने भवन का स्वकर रिर्टन दाखिल किया गया है, जिसमें से 571 लोगों द्वारा कुल 26,69,908-00 गृहकर जमा कराया गया। आगामी दिवस में लगाये जाने वाले कैम्प पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही लगायें जायेंगे। पी0के0द्विवेदी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 सितम्बर 2023 को जोन-1 खुल्दाबाद वार्ड-44 ओम प्रकाश सभासद नगर-2 जागृति चौराहा के पास, जोन-2 मुटठीगंज वार्ड-76 बक्शी बाजार मंसूल अली पार्क जलकर कैम्प कार्यालय, जोन-3 कटरा वार्ड-41 न्याय मार्ग साई मन्दिर के सामने, जोन-4 अल्लापुर वार्ड-75 बक्शी खुर्द जल संस्थान कैम्प कार्यालय राधारमण के पास तथा जोन-5 नैनी वार्ड -33 काजीपुर आनन्द नगर चौराहा आईटीआई के सामने काजीपुर कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

पिकअप में लदी चोरी की गाय के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले के थाना देल्हूपुर के उ0नि0 जय प्रकाश यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र देल्हूपुर के खरगराय रेलवे पुल के पास से टाटा मैजिक पिकअप नं0 यूपी 72 टी 3716 में लदी चोरी की गाय के साथ तीन अभियुक्तों राजेन्द्र यादव पुत्र बृजेश यादव नि0ग्राम संसारपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़, अजय यादव पुत्र सहदेव यादव नि0ग्राम पूरे रामदन्त बरहुआ भोजपुर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व संतोष यादव पुत्र शिवप्रसाद यादव नि0ग्राम मोहीद्दीनपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 127/23 धारा 379, 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिलाधिकारी ने शेखपुर अठगंवा एवं नौहर हुसेनपुर में केले की फसल का किया निरीक्षण

कृषकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी, निराकरण का दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत रोपित किये गये टिश्यूकल्चर केला (प्रजाति जी-9) कार्यक्रम का ब्लाक बाबा बेलखरनाथधाम के ग्रामसभा शेखपुर अठगंवा में किसान अरविन्द प्रताप सिंह के 2.0 हेक्टेयर क्षेत्रफल एवं बृजेश प्रताप सिंह के 1.50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में रोपित केले की फसल का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर किसान की फसल कटकर बिक्री हेतु

केले की फसल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

बाजार भेजी जा रही थी। इसी प्रकार ग्राम नौहर हुसेनपुर के किसान ओम प्रकाश सिंह के 1.25 हेक्टेयर क्षेत्रफल का भी निरीक्षण किया, इनकी फसल लगभग तैयार हो चुकी है। जिलाधिकारी ने इस दौरान कृषकों से वार्ता कर उनकी समस्या की जानकारी ली और जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि कृषकों को खेती करने हेतु तकनीकी जानकारी दी जाये जिससे उनकी खेती और बेहतर हो एवं आय में अधिक से अधिक वृद्धि हो सके। उन्होने निर्देशित किया कि किसानों को स्ट्राबेरी की खेती करने हेतु प्रेरित करें जिससे वे अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, डीसी एनआरएलएम एन0एन0 मिश्रा तथा सहायक उद्यान निरीक्षक राजकुमार उपस्थित रहे।

कृषक निजी ऑन ग्रिड पम्प सोलराईजेशन का उठाएं लाभ, करें आवेदन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत निजी ऑन ग्रिड पम्प के सोलराईजेशन के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प (किसानों के सामान्य बिजली से संचालित निजी नलकूपों) का सोलराईजेशन किया जाना है। उन्होने पीएम कुसुम घटक सी-1 योजनान्तर्गत अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध बताया है कि केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रायोजन हेतु सकल लागत का 30 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य किया गया हैं प्रदेश में निवास कर रहे अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषकों को प्रदेश सरकार द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त सकल लागत का 70 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। इस प्रकार इस श्रेणी के कृषकों को निःशुल्क सोलराईजेशन अनुमन्य है। प्रदेश में निवास कर रहे उपरोक्त श्रेणी के कृषकों के अलावा अन्य श्रेणी के कृषकों को प्रदेश सरकार द्वारा उपरोक्त के अतिरिक्त सकल लागत का 60 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। इस प्रकार इस श्रेणी के कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान के साथ सोलराइजेशन अनुमन्य है। मात्र 10 प्रतिशत का भुगतान कृषकों को करना होगा। सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना पर अनुमानतः रुपए 65000 प्रति किलो वाट आनी सम्भावित है। निजी ऑन ग्रिड पम्प सोलराईजेशन हेतु इच्छुक लाभार्थी कृषक द्वारा सहमति के साथ निर्धारित प्रारूप-1 पर आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु कृषक भाई यूपी नेडा प्रतापगढ़ के कार्यालय में सम्पर्क करें। कृषि विभाग को सोलर पम्प वर्ष 2023-24 का लक्ष्य एवं कार्ययोजना अभी तक प्राप्त नही हुआ है। इस योजना की अधिक जानकारी हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

मुख्यमंत्री से पेंशन भुगतान किये जाने की मांग

प्रतापगढ़। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कुशाहिलडीह गांव निवासी मोहम्मद हसनैन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पेंशन भुगतान किये जाने की मांग की हैं। मो0 हसनैन ने पत्र में लिखा है कि सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन भुगतान न किये जाने से आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। बता दें कि मो0 हसनैन 31 अक्टूबर 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका आरोप है कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पेंशन की फाइल प्रेषित करने के बाद भी कर्मचारियों द्वारा पेंशन की फाइल को आगे अधिकारियों द्वारा नहीं भेजा गया। मो0 हसनैन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग किया है कि उनका पेंशन भुगतान किया जाए अन्यथा 15 सितम्बर को मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करने को बाध्य होंगे।

धारदार हथियार से युवक पर हमला, जिला मेडिकल कालेज रेफर

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। रंजिश में युवक को आरोपियों ने धारदार हथियार से मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित युवक हमले से सड़क पर गिर कर बेहोश हो गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पीड़ित की गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

पीड़ित ने इस संबंध में शिकायती पत्र कोतवाली में दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव का रहने वाला संतोष पाठक पुत्र भैयालाल सोमवार की सुबह 8 बजे चरैया मोड़ पर चाय पीकर घर की तरफ वापस आ रहा था, जैसे ही वह रायपुर गेट के सामने पहुंचा रायपुर गांव के रहने वाले तीन लोग धारदार हथियार से संतोष के ऊपर हमला कर दिया, जिससे संतोष का सिर बुरी तरीके से फट गया। लाठी डंडों से आरोपियों ने पीटना शुरू किया तो संतोष का हाथ भी टूट गया।

शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। चोट अधिक होने के कारण पीड़ित सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से पीड़ित को पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पीड़ित ने तीन लोगो के विरूद्ध नामजद तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की जांच-पड़ताल करने पहुंचे एनजीटी के चेयरमैन

ढाई घंटे के निरीक्षण के बाद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जल निगम द्वारा निर्मित सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की जांच पड़ताल करने इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश व एनजीटी के चेयरमैन एसबीएस राठौर आज सोमवार को दोपहर बारह बजे सई नदी के घाट पर बने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के पास पहुंचे। उनके साथ एनजीटी के मेम्बर अमित कुमार सिंह भी आए हुए थे। यहां पर जल निगम के अधिकारी व नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी

अधिकारियों के साथ सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के सम्बन्ध में बातचीत करते एनजीटी के चेयरमैन

व जेई आदि मौजूद रहे। बता दें कि इसी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में कथित घोटाले में जल निगम के एक अधिकारी को जेल जाना पड़ा था लेकिन अब भाजपा सरकार सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को चालू करना चाह रही है जिससे कि गंदे पानी का शुद्धीकरण हो सके, इसकी सही स्थिति की जानकारी के लिये शासन ने एनजीटी के चेयरमैन को यहां भेजा है। वास्तव में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के बन जाने से गंदा पानी का शुद्धीकरण होने लगेगा लेकिन सबसे बड़ा पेंच यह है कि यह बहुत खचीर्ला है। अभी जल निगम ने इसे नगर पालिका को सौंपा भी नहीं है। इस बारे में पूछने पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बताया कि जब तक जल निगम नगर पालिका को हैण्डओवर नहीं करेगा, तब तक इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। वैसे दोपहर में बारह बजे से ढाई बजे तक चले इस निरीक्षण में एनजीटी के चेयरमैन, प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन हम सबका जन्म सिद्ध अधिकारः जिलाध्यक्ष

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय में दिया धरना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर एक दिवसीय धरना आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष संपन्न हुआ। धरने की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने किया। इस अवसर पर सभी विकास खण्डों के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष व भारी मात्रा में शिक्षक साथी एवं शिक्षिका बहनें उपस्थित रहे। धरने का संचालन प्रभाशंकर पांडे ने किया।

इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन हम सब का जन्म

धरने में बोलते जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल।

सिद्ध अधिकार है एवं मूल अधिकार है। इसे हम लेकर रहेंगे। इसके लिए जिले से लेकर केंद्र तक जो भी लड़ाई लड़नी होगी हम लड़ने के लिए तैयार हैं। जिला मंत्री विनय सिंह ने कहा कि आज देश व प्रदेश में जितने भी कर्मचारी चाहे वह केंद्र सरकार के हो व प्रदेश सरकार के जितने भी कर्मचारी सभी आंदोलनरत हैं किंतु यह गूंगी बहरी सरकार इसे जरा सा भी ध्यान नहीं है कि शिक्षक ही समाज का वास्तविक निमार्ता है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज मंडल के मांडलिक मंत्री अनिल पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बार-बार तमाम प्रकार के आदेशों का निर्गत किया जाना तथा आदेशों का पालन न किया जाना यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड शिवगढ़ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि भारत की जनता एवं भारत के लोग आज किस प्रकार की नागरिकता खुशहाल जीवन जी रहे हैं इसके लिए शिक्षक की एक ऐसा घटक है जो सोचता है समझता है और उस दिशा में बच्चों का निर्माण करता है किंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज शिक्षक सबसे अधिक पीड़ित है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ विकासखंड रामपुर संग्रामगढ़ के अध्यक्ष राजेश चंद्र पांडे, पंकज तिवारी अजीत, कमलेश कुमार, रामानंद मनोज कुमार, प्रभाकर प्रताप सिंह, राकेश सिंह, बृजेश सिंह, पन्नालाल, निर्भय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, संतोष मिश्रा, सुशील तिवारी, अरुणपति, मानवेंद्र द्विवेदी, बालेंद्र, प्रभाकरनाथ, नीरज शुक्ला आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई कजरी तीज

प्रतापगढ़। भारत विकास परिषद् विशाल शाखा द्वारा राजापाल टंकी स्थित रेस्टोरेंट में कजरी तीज एवं मेंहदी कार्यक्रम आयोजित करके लोक परंपराओं को जीवित रखने का प्रयास किया गया। जिसमें उपस्थित सदस्यों ने अपने अंदाज में कजरी गीत एवं कृष्ण से संबंधित भजन एवं अन्य भजन आदि प्रस्तुत किए। अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा ने तीज के बारे में विस्तार से बताया। संरक्षक उदयभानु सिंह ने भारत को जानो राष्ट्रीय प्रतियोगिता को अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में कराने का प्रस्ताव दिया। सचिव अश्विनी केसरवानी ने पट्टी नगर क्षेत्र में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जाने के बारे में बताया। महिला संयोजिका श्रीमती कविता केसरवानी ने महिला सदस्यों को प्रेरित किया।

प्रधान/सदस्य के रिक्त पदों के मतदान हेतु स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने जनपद प्रतापगढ़ में ग्राम पंचायत के प्रधान/सदस्य के वैधानिक रूप से रिक्त पदों/स्थानों पर उप निर्वाचन 2023 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पादित कराये जाने हेतु स्टैटिक मजिस्टेज्ट को नियुक्त कर दिया है। 06 सितम्बर 2023 को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक प्रधान/सदस्य के रिक्त पदों पर मतदान होगा। उन्होंने विकास खण्ड बिहार के ग्राम पंचायत बरबसपुर के 28-प्राथमिक पाठशाला बरबसपुर में तहसीलदार कुण्डा धर्मेन्द्र सिंह एवं विकास खण्ड सांगीपुर ग्राम पंचायत नरवल (वार्ड संख्या-10) के 38-प्राथमिक विद्यालय बलीपुर वोदवा में तहसीलदार लालगंज धीरेन्द्र सिंह को नियुक्त किया है। उन्होने नियुक्त स्टैटिक मजिस्टेज्ट को निर्देशित किया है कि दिनांक 05 सितम्बर 2023 को विकास खण्ड मुख्यालय से पार्टी लेकर मतदेय स्थलों पर छोड़कर मतदान दिवस दिनांक 06 सितम्बर को मतदान केन्द्र पर ससमय उपस्थित रहकर मतदान सकुशल सम्पन्न करायेगें। सायं 5 बजे मतदान समाप्त होने के पश्चात अपने मतदान केन्द्र की सभी पार्टियों को लेकर विकास खण्ड मुख्यालय पर मतपेटिका एवं अन्य सभी आवश्यक अभिलेख स्ट्रांग रूम में जमा कराकर सूचना जिला मुख्यालय को प्रेषित करने के उपरान्त ही विकास खण्ड मुख्यालय से प्रस्थान करेंगे।

05 सितम्बर 2023 को विकास खण्ड मुख्यालय से पार्टी लेकर मतदेय स्थलों पर छोड़कर मतदान दिवस दिनांक 06 सितम्बर को मतदान केन्द्र पर ससमय उपस्थित रहकर मतदान सकुशल सम्पन्न करायेगें।

एडीजी जोन प्रयागराज ने किया कुंडा कोतवाली का निरीक्षण

कुण्डा कोतवाली का निरीक्षण करते एडीजी जोन भानु भास्कर।

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। एड़ीजी जोन प्रयागराज भानु भास्कर व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सोमवार को कुंडा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया जिसमे थाना परिसर का भ्रमण करने के बाद आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार पर रूट डायवर्जन व यातायात के साथ अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर कुंडा कोतवाल व सीओ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर में हड़कंप मचा रहा। आला अफसर के जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

गैर इरादतन हत्या में एक वर्ष की कैद व जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला जल अब्दुल शाहिद ने गैर इरादतन हत्या के लिये अभियुक्त भोला सुत रामसुख वर्मा, राहुल सुत भोला वर्मा, हरिकेश वर्मा सुत कल्लू वर्मा व हरिश्चंद्र वर्मा सुत रामसुख वर्मा निवासी नौवानार, थाना सांगीपुर को दोषी करार दिया। अभियुक्त भोला को धारा 323 में एक वर्ष की सजा, एक हजार रुपये जुमार्ना, धारा 304 में 10 वर्ष की सजा, 10 हजार जुमार्ना, धारा 506 भदवि में 4 वर्ष की सजा व 6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त राहुल, हरिकेश वर्मा व हरिश्चंद्र वर्मा प्रत्येक को एक वर्ष की कैद से दण्डित किया। बता दें कि 16 अगस्त 2016. को बच्चों के विवाद तथा खेत में जानवर चले जाने के कारण उपयुक्त लोगों ने फावड़ा, सरिया से राजेन्द्र, कुसुम देवी, छेदीलाल को मारपीट कर जख्मी कर दिया था और इलाज के दौरान रेखा देवी की मृत्यु हो गई थी। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार शर्मा तथा सहायक शासकीय अधिवक्ता विक्रम सिंह ने किया।

बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित होंगे 30 सेवानिवृत्त शिक्षक

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रसार नेटवर्क नई दिल्ली के अधीनस्थ विज्ञान जागृति क्लब जिले के 30 सेवा निवृत्ति शिक्षकों को बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस रंगारंग सांस्कृतिक सम्मान समारोह में एमडीपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ विनोद शुक्ला मुख्य अतिथि और सेवा निवृत्ति सहायक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सैंकड़ों छात्रों को शिक्षा के बदलते प्रतियोगी परिवेश में सफलता के लिए सिंचाई विभाग प्रयागराज के इंजीनियर नवीन वर्मा, बीबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज की पूर्व प्रो पारुल श्रीवास्तव एवं फेमस यूट्यूबर विभांशु पांडेय संवाद स्थापित करेंगे। भारतीय संस्कृति में शिक्षकों की गौरव गाथा और छात्र जीवन में योग ध्यान के महत्व पर चर्चा करने के लिए बलिया के समाजसेवी महंत पूज्यनीय राधेश्याम सिंह विशेष मेहमान होंगे।

एलआईसी की प्रतापगढ़ शाखा की वर्षगांठ पर हुआ सम्मान समारोह

उत्कृष्ट अभिकर्ता, समाजसेवी और साहित्यकार हुए पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रतापगढ़ की यूनिट 31102 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में निगम की 67वीं वर्षगांठ व बीमा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शैक्षिक सेमिनार एवं सम्मान समारोह का आयोजन होटल शशांक में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन व अन्य औपचारिकताओं के पूर्ण होने के उपरांत यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने बताया कि संरक्षित जीवन,सुनिश्चित खुशियां का उद्देश्य लेकर चलने वाली एलआईसी की स्थापना 67 वर्ष पूर्व

एलआईसी की वर्षगांठ पर दीप प्रज्जवलन करते अतिथिगण।

हुई थी। उस समय रोपित पौधा आज पूरे विश्व को अपनी छाया से आच्छादित कर रहा है।भारत के आर्थिक विकास में भारतीय जीवन बीमा निगम का बहुत बड़ा योगदान है। यह व्यक्ति,परिवार और समाज को स्थायित्व प्रदान करती है। हर प्रकार से निगम का सहयोग करने वाले ग्राहकों मथुरा प्रसाद त्रिपाठी, शिव प्रकाश यादव, विजय कुमार मिश्र, विक्रम शुक्ला, अखिलेश मौर्य, शैलजा सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह को मूल्यवान उपहार देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट अभिकर्ता राम सिंह यादव, मीरा शुक्ला, राकेश कुमार, ओम प्रकाश कोरी, राम सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, सुनील कुमार सिन्हा, बृजेंद्र प्रताप सिंह, श्यामलाल, बब्लू यादव, रवि प्रकाश सरोज, नंदकिशोर प्रजापति, पुष्पेंद्र शुक्ल समेत पांच दर्जन अभिकताओं को प्रस्तुत किया गया। साहित्य व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, रोशन लाल ऊमर वैश्य, आनंद मोहन ओझा, राकेश कनौजिया तथा अनिल कुमार निलय को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए शाखा के मुख्य प्रबंधक डी०एम० कैडर दीपक चावला ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम सबसे बड़ी व्यवस्था है।हर वर्षगांठ पर नए कीर्तिमान स्थापित करता है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व बाल न्यायाधीश एवं साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि लक्ष्य बनाएं और उसकी पूर्ति करने के लिए सदैव तत्पर रहें। शाखा प्रबंधक विक्रम प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम का नाम पूरे विश्व में है। यह अपनी उपलब्धि के कारण विश्व में जानी जाती है। अंत में उपस्थित सभी के प्रति राजीव कुमार आर्य ने आभार व्यक्त किया।

पंचायतीराज की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होंगे डॉ. चन्द्रशेखर प्राण

चार व पांच सितम्बर को आयोजित होगी कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तीसरी सरकार अभियान के संस्थापक और नेहरू युवा केंद्र संगठन के पूर्व निदेशक डॉ. चन्द्रशेखर प्राण को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान हैदराबाद ने राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया है। पंचायतीराज पुनरावलोकन और संभावनाएं विषयक यह कार्यशाला पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार और एनआईआरडीपीआर हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में 04 एवं 05 सितंबर 2023 को एनआईआरडीपीआर हैदराबाद में ही आयोजित हो रही है। इस कार्यशाला में पंचायतीराज व्यवस्था की अब तक की उपलब्धियों और भावी संभावनाओं के परिप्रेक्ष्य में विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला में पूरे देश से पंचायत के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रमुख लोगों और विशेष पंचायत प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। यह हम सभी के लिए अत्यधिक गर्व की बात है कि हमारी धरती के सपूत और पंचायतीराज व्यवस्था के उन्नयन के लिए समर्पित डॉ. प्राण, इस राष्ट्रीय कार्यशाला में ह्यपंचायत में जेंडर मुद्देह्ण विषय पर आयोजित चर्चा सत्र की अध्यक्षता करेंगे। डा. प्राण उत्तर भारत से अकेले ऐसे प्रमुख विषय विशेषज्ञ हैं, जिन्हें इस राष्ट्रीय विमर्श में आमंत्रित किया गया है। अभी कुछ माह पहले ही एनआईआरडीपीआर हैदराबाद ने उन्हें स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर पंचायतीराज के लिए भी अपना सलाहकार बनाया था। डा. प्राण पिछले 25 वर्षों से लगातार पंचायतीराज व्यवस्था के लिए जागरूकता, प्रशिक्षण और एडवोकेसी से संबंधित मुद्दों पर कार्य कर रहे हैं। वह सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक भी हैं। डा. प्राण का मत है कि 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायत एवं नगरपालिकाओं को स्व सरकार का दर्जा दिया गया है। यह दोनों भारतीय राज्य व्यवस्था की तीसरी सरकार हैं, जो सहभागी लोकतंत्र, समावेशी विकास और स्वशासन की दृष्टि से सबसे उपयुक्त है। पंचायतीराज व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यशाला में डा. प्राण की उपस्थिति निश्चित ही सहायक सिद्ध होगी। इसमें पंचायत से जुड़े जमीनी मुद्दों पर चर्चा होगी और उपयोगी सुझाव सामने आएंगे, जो पंचायतीराज को वास्तविक स्वरूप और दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

लाभार्थी बैंक खाते में मोबाइल नम्बर एवं आधार की सीडिंग कराएं

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने जनपद के समस्त राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन पा रहे लाभार्थियों को सूचित किया है कि जिन लाभार्थियों के आधार/मोबाइल नम्बर बैंक में फीड नही कराये गये है वो तत्काल अपने बैंक खाते की छायाप्रति, आधार की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर को अपने सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर अपने बैंक खाते में आधार की सीडिंग कराते हुये डी0बी0टी0 इनेबल/एन0पी0सी0आई0 (नेशनल पेमेन्ट्स कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया) कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में उन लाभार्थियों को राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना की धनराशि का भुगतान नहीं हो पायेगी।

खबर संक्षेप

विद्युत पावर हाउस के अवर अभियंता से उपभोक्ता परेशान

करारी कौशांबी। पश्चिम शरीरा विद्युत पावर हाउस में तैनात रहे एक अवर अभियंता के कारनामों से इलाके के उपभोक्ता परेशान हैं यह अवर अभियंता हमेशा सुर्खियों में रहने वाला है पूर्व में इसकी तैनाती भरवारी पावर हाउस में थी वहां भी जनता से अवैध वसूली में हमेशा अवर अभियंता चर्चा में रहे जिस पर तत्कालीन विधायक संजय गुप्ता ने अफसरों के सामने इसे जमकर फटकार लगाई थी इसके बाद यह विजिलेंस टीम में भी यह अवर अभियंता रहे लेकिन वहां भी इनकी अवैध उगाही चर्चा का विषय बनी रही और जैसे ही पश्चिम शरीरा पावर हाउस में इनकी तैनाती हुई है इन दिनों फिर उपभोक्ताओं का शोषण कर अवैध धन उगाही में मशगूल हैं बिना नियम कायदे के जांच करने पहुंच जाते हैं लाइनमैन वसूली में लिप्त रहते हैं बिना आधार के विद्युत कनेक्शन काट दिए जाते हैं विद्युत कनेक्शन जोड़ने के नाम पर फिर धन उगाही शुरू होती है जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित एक गांव के यह रहने वाले हैं और बीते 6 वर्षों से यह कौशांबी में विभिन्न स्थानों पर जमे हुए हैं पड़ोसी होने के चलते दबंगई भी कायम है और लोगों से उलझना इनकी आदत में शुमार है बात बात पर उपभोक्ताओं को देख लेने और फर्जी बिलिंग और मुकदमे में फंसा देने की धमकी देते रहते हैं। कुछ समय में इन्होंने अकूत संपत्ति अर्जित की है अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने की उपभोक्ताओं ने मांग की है इलाके के लोगों ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का ध्यान आकर्षित करते हुए अवर अभियंता के कारनामों की जांच कराते हुए इन्हें दंडित किए जाने की मांग की है।

हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

हापुड़ जनपद में बुजुर्ग और महिला अधिवक्ताओं के साथ अन्य अधिवक्ताओं पर भी बर्बरता पूर्वक पुलिस ने लाठी चार्ज किया था

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जनपद हापुड़ में बीते दिनों निर्दोष अधिवक्ताओं के ऊपर हुए बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को कौशाम्बी के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपना विरोध जताया मॉडल डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जायसवाल एडवोकेट ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी एडवोकेट ने किया ।

आम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न बर्दास्त नहीं किया जाएगा अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जनपद में बुजुर्ग और महिला अधिवक्ताओं के साथ अन्य अधिवक्ताओं पर भी बर्बरता पूर्वक पुलिस ने लाठी चार्ज किया था जिससे तमाम अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की जाती है जिस तरह हापुड़ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज किया गया वह बहुत ही निन्दनीय है , आमसभा का संचालन करते हुए बार के महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब तक हापुड़ घटना के दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा नहीं दर्ज किया जाता तब तक अधिवक्ता शांत नहीं बैठेंगे अधिवक्ताओं ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट परित कर पूरे प्रदेश में लागू किया जाए हापुड़ में घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर मनगढ़ंत कहानी बनाकर पुलिस ने जो मुकदमे दर्ज किए हैं उसे तत्काल वापस किया जाए महिलाओं अधिवक्ताओं को जिन पुलिसकर्मियों ने पीटने का कार्य किया है उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक हापुड़ को तत्काल स्थानांतरित किया जाए आम सभा के बाद अधिवक्ता प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर कार्यवाही हेतु शासन को भेजे जाने का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन देने वालों में मुख्यरूप से अध्यक्ष राकेश जायसवाल महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष नरनारायण मिश्रा मनुदेव त्रिपाठी पूर्व महामंत्री तुषार तिवारी अजय पांडेय गोपाल जी शुक्ला दिलीप पांडेय वीरेंद्र तिवारी राजीव मिश्रा रामसागर द्विवेदी मक्खन मिश्रा शिवप्रसाद त्रिपाठी कौशलेश द्विवेदी मंदीप अवस्थी अंकित त्रिपाठी दीप नारायण तिवारी पंकज शुक्ला सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

लाठीचार्ज के विरोध में चौथे दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

कौशांबी। हापुड़ जनपद न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं पर बबरतापूर्वक हुए लाठीचार्ज के विरोध में चौथे दिन सोमवार को भी तहसील चायल के अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चायल को सौंपा। आक्रोशित अधिवक्ता चायल तहसील परिसर में दरी बिछाकर बैठ गए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जनपद में बुजुर्ग और महिला अधिवक्ताओं के साथ अन्य अधिवक्ताओं पर भी बर्बरता पूर्वक पुलिस ने लाठी चार्ज किया था जिससे तमाम अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे।जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की जाती है इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव, मंत्री राजेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, घनश्याम कुमार एडवोकेट, रामनरेश पटेल एडवोकेट, अजीत पटेल एडवोकेट, राजेंद्र एडवोकेट, विद्यासागर एडवोकेट, सुभाष एडवोकेट, निरंजन एडवोकेट, सुनील कैथवास, बलवंत सिंह एडवोकेट, दुष्यंत सिंह एडवोकेट, विनीत सिंह एडवोकेट, त्रिभुवन सिंह एडवोकेट, विनय सिंह एडवोकेट, संदीप कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पारिवारिक विवाद के बाद रहस्यमय तरीके से महिला लापता

कौशांबी। मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के मौंगरी कड़ा गांव में 1 सितंबर की दोपहर 3:00 पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई है परिजनों का कहना है कि संभावित स्थानों पर महिला को खोजा गया है लेकिन कहीं मिल नहीं सकी है आखिर अचानक महिला कहां गायब हो गई है इस बारे में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है परिजनों से जब इस संबंध में बात की गई तो महिला के अपहरण की वारदात से उन्होंने इनकार किया है घर से बिना बताए महिला के कहीं चले जाने भाग जाने की घटना से भी परिजनों ने इनकार किया है तो आखिर महिला अचानक कहां चली गई है बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। महिला के घर में उसका पति अशफीलाल यादव उसके दो बेटे और तीन बेटियां नाती पोते भी हैं भरा पूरा परिवार होने के बाद अचानक महिला कहां लापता हो गई है परिवार के लोग महिला का अपने पति से झगड़ा लड़ाई की बात भी स्वीकार कर रहे हैं अभी तक मामले की सूचना संभवता पुलिस को भी नहीं दी गई है जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के मौंगरी कड़ा गांव निवासी निर्मला देवी यादव पत्नी अशर्फी लाल यादव के घर में 1 सितंबर को विवाद हुआ था पति से विवाद के बाद अचानक महिला गायब हो गई है काफी खोजबीन के बाद भी चौथे दिन भी महिला का कहीं सुराग नहीं लगा है जिससे तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं।

घर के बाहर से बकरी उठा ले गए बकरी चोर गैंग

महगांव कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर टाटा में रविवार की रात चोरों ने घर के बाहर बंधी हुई बकरी चुरा ले गए। क्षेत्र में इसके पहले भी पशु चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं पशु चोरों से पुलिस की मुठभेड़ भी हो चुकी है लेकिन पशु चोरों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। जानकारी के मुताबिक बलीपुर टाटा निवासनी रसीदा बनो पत्नी संतार अली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 4 सितंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों ने रसीद बानो के घर के बाहर बंधी बकरी खोल ले गए हैं जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रूपए बताई जाती हैं जब रसीद बानो की नीद खुली तो देखा कि बकरी नही थी उसके बाद रसीद बानो ने गांव में काफी खोजबीन की लेकिन बकरी का कोई पता नही चला। पीड़ित ने घटना की सुचना थाना पुलिस को दी हैं।

वारंटी अभियुक्त को सैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। सैनी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त गजाधर पुत्र मथुरा पाल निवासी गौहरी बाग गोविंदपुर गोरियो को गिरफ्तार किया है अभियुक्त के विरुद्ध अदालत में वारंट जारी किया था विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।

आपसी सहमति से पुलिस ने विवाद को सुलझाया

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में महिला थाना पुलिस द्वारा पारिवारिक विवाद से सबंधित एक प्रकरण में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी खुद की सहमति से सुलह समझौता कराया गया तथा प्रभारी महिला थाना द्वारा नवजीवन की शुरूआत हेतु शुभकामनाएं दी गई।

फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुना

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा प्रत्येक दिन की तरह सोमवार को भी पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

पत्रकार सुनील पांडेय का हुआ एक्सीडेंट

कौशाम्बी। सुनील पांडेय पत्रकार किसी कार्य से सिराथू तहसील गए हुए थे,जैसे ही कार्य कर वह तहसील से बाहर निकले एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया टक्कर से उनके पैर में फैक्चर हो गया जिन्हे जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया,जहा से प्लास्टर चढ़ाकर उन्हे घर भेज दिया गया।

चोरी की दो बाइक के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। कोखराज थाना पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ चार लोगो को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी बाइक चोरी के धंधे में लंबे समय से लिप्त है मुखबिर से पुलिस की सूचना मिली जिस पर पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी की और आरोपियों के कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिल और एक गैस सिलेंडर बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद सैफ आदिल सीबू और अरुण सरोज शामिल है अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद विधिक कार्यवाही कर पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

मेहता अस्पताल की संपत्ति को ध्वस्त करने से भरवारी नगर वासी आक्रोशित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बल्लभ राम शालिग्राम मेहता ट्रस्ट द्वारा भरवारी कस्बे में स्थापित किए गए अस्पताल के भवन को एक माननीय और उनके लोगो द्वारा ध्वस्त कराए जाने को लेकर भरवारी नगर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है मेहता अस्पताल के भवन को ध्वस्त करने वाले माननीय का भरवारी नगर में जमकर विरोध हो रहा है आगे की रणनीति बनाने के लिए मीटिंग बैठक का आयोजन किया जा रहा है नगर के लोगों ने कहा कि जो करेगा मेहता अस्पताल की बात इस बार लोकसभा में उसी को कौशाम्बी का ताज मिलेगा सोमवार के दिन पूरे समय भरवारी नगर में मेहता अस्पताल के भवन को गिराए जाने को लेकर जोरदार चर्चा होती रही गौरतलब है कि भरवारी कस्बे में बल्लभ राम शालिग्राम मेहता ट्रस्ट द्वारा 65 वर्षों पूर्व सुव्यवस्थित अस्पताल का निर्माण कराया गया था इस अस्पताल में भरवारी के साथ-साथ दूर दराज के हजारों लोगों को सस्ता सुलभ इलाज मिलता था बेहतर चिकित्सकों द्वारा मरीजों की देखभाल की जाती थी बीच में अस्पताल बंद हो गया और अस्पताल की कीमती जमीन पर लोगों की नियत खराब हो गई मेहता अस्पताल के भवन को बीते दिनों बुलडोजर लगाकर धराशाई कर दिया गया और उसमें निकले कबाड़ को लाखों में बेच दिया गया इतना ही नहीं अस्पताल परिसर में कई सैकड़ा हरे फलदार विशाल पेड़ लगे थे इन पेड़ों को भी अवैध तरीके से काट दिया गया है और पेड़ की लड़कियां उठा ले गए हैं मेहता अस्पताल को पूरी तरह से बर्बाद करने वाले माननीय के कारनामे से नगर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और आक्रोशित नगर वासियों के गुस्से का खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव में माननीय को भुगतना पड़ सकता है।

श्रीअन्न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, किसान भी होंगे लाभान्वित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। कृषि विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मिलट वर्ष के तहत ह्यश्रीअन्नह्व मोटा अनाज आधारित व्यंजन को बढ़ावा देने के लिए डायट मैदान में आयोजित अध्यापकों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद विनोद सोनकर ने किया सांसद ने प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा मोटे अनाज को ह्यश्रीअन्नह्व का नाम दिया गया तथा सरकार द्वारा ह्यश्रीअन्नह्व को बढ़ावा देने के लिए लगातार सरकारी स्तर एवं सामाजिक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्यश्रीअन्नह्व को बढ़ावा देने के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षण देना आवश्यक है, जिससे अध्यापकों के द्वारा छात्र-छात्राओं के माध्यम से ह्यश्रीअन्नह्व की महत्ता व स्वास्थ्य के लिए उपयोगिता की जानकारी घर-घर तक पहुॅचाया जा सकें। मोटे अनाज का महत्व प्राचीन काल से रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनायें संचालित किया जा रहा हैं। मोटे अनाज का एक नहीं, अनेक लाभ हैं। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है तथा इससे किसानों को भी बहुत बड़ी मात्रा में लाभ होगा। किसानों को उचित मूल्य मिलेगा, कम सिंचाई में खेती हो सकेंगी तथा बिना उर्वरक के भी मोटे अनाज की खेती की जा सकेंगी। मोटे अनाज का उपयोग बड़े-बड़े होटलों एवं दुनियॉ के प्रत्येक कोने में किया जा रहा है, मोटे अनाज की उपयोगिता से सभी परचित हैं। मोटे अनाज की मॉग पूरी दुनियॉ में बढ़ी है और इस मॉग को पूरा करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 02 केन्द्रीय स्तर की सहकारिता समिति का गठन किया गया है, समिति का उद्देश्य ह्यश्रीअन्नह्व को बढ़ावा देना है। किसानों द्वारा मोटे अनाजों के उत्पादन के बिक्री के लिए सहकारिता समिति का गठन किया गया है। समिति किसानों से मोटे अनाज खरीदकर पूरी दुनियॉ में पहुॅचाने जा रहा है इस असर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, अति0 जिला सूचना अधिकारी रवि कुमार जायसवाल प्रेम चौधरी अरूण केसरवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लम्पी स्किन डिजीज से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति के नहीं छोड़ेगें मुख्यालय : डीएम

डीएम ने कहा सभी उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशु चिकित्साधिकारी द्वारा टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें

कौशाम्बी। गोवंश में पाये जाने वाले लम्पी स्किन रोग सम्बन्धी बैठक का आयोजन जिला अधिकारी के अध्यक्षता में सोमवार को किया गया, जिसमें जनपद के समस्त अधीशासी अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी पशु चिकित्साधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि पूरे जनपद में सघन सर्विलांस किया जाये और यदि पशुओं में लम्पी स्किन रोग के लक्षण पाये जाये तो तत्काल सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी को अवगत करायें तथा सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी त्वरित चिकित्सा उपलब्ध कराये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 30 हजार खुराक टीका प्राप्त हुआ था, जिससे समस्त गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों में टीकाकरण किया जा चुका है एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है जिलाधिकारी द्वारा जनपद में लगातार सर्विलांस किये जाने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में उपजिलाधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में खण्ड विकास अधिकारी अधिशासी अधिकारी के साथ सम्बन्धित क्षेत्र के पशु चिकित्साधिकारियों को नामित किया है डीएम द्वारा यह निर्देश दिये गये कि सर्विलांस का काम लगातार किया जाये और यदि किसी गोवंश में रोग के लक्षण पाये जाये तो उसे छिपाया न जाये। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि अभी बाहर से कोई भी पशु क्रय करके जनपद में न लाया जाये। सभी उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशु चिकित्साधिकारी द्वारा टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें, लम्पी स्किन डिजीज से सम्बन्धित समस्त अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।

विकास प्रदर्शनी के माध्यम से उ0प्र0 सरकार द्वारा अब तक किये गये विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को किया गया प्रदर्शित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। डायट मैदान मंझनपुर में सूचना विभाग द्वारा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों, विकास कार्यक्रमों से सम्बन्धित लगायी गई विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर सांसद विनोद सोनकर ने शुभारम्भ किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है। यह प्रदर्शनी तीन दिवसीय लगायी गई है, जो आगामी 06 सितम्बर 2023 तक लगी रहेंगी विकास प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान उ0प्र0 सरकार द्वारा अब तक किये गये विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। उ0प्र0 में पॉवर फॉर ऑल के तहत प्रदेश में 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन एवं उज्ज्वला योजना के तहत 1.75 करोड़ परिवारों को मुक्त गैस कनेक्शन। 36 हजार करोड़ रुपए से 86 लाख लघु एवं सीमान्त किसानां का ऋण मोचन, 2.20 करोड़ से अधिक रिकार्ड गन्ना मूल्य का भुगतान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 2.63 करोड़ किसानों को रू0 60845 करोड़ हस्तान्तरित, 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में 09 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवर, प्रधानमंत्री आवास योजना में 55 लाख आवासों का निर्माण, हर घर नल योजना से 1.52 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन, 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण, अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत 16 लाख बालिकायें लाभान्वित, 804706 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10311982 महिलाओं को रोजगार, 58 हजार बी0सी0 सखी का चयन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3.10 लाख से अधिक जोड़ां का विवाह, 1.40 लाख विद्यालयों का कायाकल्प, विद्यार्थियों को यूनीफार्म बैग व स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए, 06 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, खेल कोटा के तहत सरकारी नौकरी, ओडीओपी ने हुनरमन्दों को दिलाया मान-सम्मान, 06 एक्सप्रेसवे संचालित व 07 निमार्णाधीन, 03 अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित व 02 निमार्णाधीन, 06 शहरों में मेट्रो संचालित, 65 मेडिकल कॉलेज का निर्माण एवं 22 निमार्णाधीन, अब तक 172 करोड़ वृक्षारोपण, दिव्य कुम्भ-भव्य कुम्भ, दिव्य-भव्य दीपोत्सव, ओलम्पिक पदक विजेताओं का सम्मान, स्पोटर्स हब मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण, सिंगल विण्डों पोर्टल निवेश मित्र का संचालन उद्यमियों को 437 सेवायें ऑनलाइन उपलब्ध, एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ रुपए से अधिक के एमओयू आदि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी है इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर, उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम, अति0 जिला सूचना अधिकारी रवि कुमार जायसवाल प्रेम चौधरी अरूण केसरवानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

पशुओं में लम्पी डिसीज के केस पाये जाने पर सीडीओ ने किया निरीक्षण

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास खण्ड नेवादा में 06 लम्पी डिसीज के केस पाये जाने पर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार सागर,डॉ0 यशपाल उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी रवि शंकर द्विवेदी जिला पंचायत राज अधिकारी, डॉ0 पी0के0 सिंह पशुचिकित्साधिकारी नेवादा, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) मौजूद थे। मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर जाकर नेवादा ग्राम में पशुपालक के पशुओं के रखने के स्थल का निरीक्षण किया। पशुपालक के पास 04 गाय थी, जिसमें से 01 पशु बीमार थी, उसे अलग करा दिया गया और वर्तमान में स्थिति ठीक है, इसके पश्चात विकास खण्ड मुख्यालय में ग्राम सचिव व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गयी। लम्पी डिसीज से प्रभावित सभी ग्रामों में सफाई अभियान,फागिंग, दवाओं के छिडकाव का निर्देश दिये गये। बैठक में सभी ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान उपस्थित थे। जिन ग्रामों में लम्पी डिसीज के केस मिले है, उनसे सटे ग्रामों में शतप्रतिशत टीकाकरण के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जनपद के सभी गौ-आश्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण कराकर गौ-शालाओं में लम्पी डिसीज के स्थिति की जानकारी की गयी। अभी तक किसी भी गौ-आश्रय स्थल में इस प्रकार की डिसीज की पाये जाने की स्थिति प्रकाश में नहीं आयी।

परिजनों को खोजते खोजते बिजली लाइनमैन के पास पहुंची छोटी बच्ची

कोखराज कौशांबी

कोखराज थाना क्षेत्र के लालपुर में बिजली विभाग के लाइनमैन रामबाबू के पास एक छोटी बच्ची रोते बिलखते पहुंच गई है बच्ची की उम्र लगभग 4 वर्ष है बच्ची अपना नाम पता नहीं बता पा रही है बच्ची की पहचान कराने का प्रयास करने के बाद भी बच्ची की पहचान नहीं हो सकी है संभावना है कि बच्ची परिजनों से बिछड़ गई है और अपने परिजनों को खोज रही है इस समय यह बच्ची कोखराज थाना क्षेत्र के लालपुर पावर हाउस में बिजली लाइनमैन रामबाबू के पास है जिनका मोबाइल नंबर 63067 041 54 है

पट्टीदारों ने महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

महगांव कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गांव गुदाम आइमा में मामूली विवाद के चलते पट्टीदारों ने महिला को गाली गलौज देते हुए मारा पीटा जिसकी शिकायत महिला ने संदीपन घाट थाना में की है। गुदाम आइमा गांव की रहने वाली गुड्डी देवी पत्नी शिवप्रसाद ने थाने में शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे गांव के ही शिव लाल पुत्र स्व० राम चरन व शिव लाल का बेटा शिवा लाल तथा पत्नी कल्लो देवी व उसकी तीन बेटियां एकजुट होकर गाली गलौज करने लगी विरोध करने पर उक्त विपक्षी लोग गुड्डी देवी को लपट कर मारने पीटने लगे। तब गुड्डी देवी किसी तरह भागकर घर में घुस कर अन्दर से दरवाजा बन्द करके अपनी जान बचाई। पट्टीदार गुड्डी देवी के पति का भाई और उसके परिवार के लोग जमीनी हिस्सा बांट के चलते आए दिन गाली गलौज करते हैं और इसका विरोध करने पर झगड़ा करने को उतारू हो जाते हैं। हिस्सा बांट होने के बावजूद गुड्डी देवी के हिस्से की जमीन में दरवाजे के सामने उक्त विपक्षी भैंस बांधते हैं मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना संदीपनघाट में की । पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।खबर लिखे जाने तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अतिक्रमणकारियों को हटाने में हाफ रहे नगर प्रशासन

कौशाम्बी। चायल नगर पंचायत क्षेत्र में पिछले दिनों नगर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण करने वालों के साथ सख्त रुख अपनाते हुए रोड के किनारे अवैध अतिक्रमण करने वालो को नोटिस के माध्यम से अवगत कराया था कि वह लोग सड़क की पटरियों मे किए गए अतिक्रमण आदि को अपने से हटा लें। इतना ही नहीं जो सड़क का मानक है उसके हिसाब से ही दुकान व भवन आदि का निर्माण कराएं और कुछ दुकानें आदि को नगर की टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाया भी गया और कुछ अतिकरणकारियो को हिदायत दिया गया कि दो से तीन दिन के अंदर अवैध अतिक्रमण हटा लें लेकिन अवैध अतिक्रमण तो हटा नहीं और नगर प्रशासन अपना खानापूर्ति कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। चायल कस्बा के सड़क के पटरियो पर कुछ ऐसी भी दुकानें है जो पूरी सड़क की पटरी को छापे हुए है और बड़ा सा तंबू और गोमती रखी हुई है वहा पर आने वाले ग्राहक अपनी बाइक रोड पर खड़ी करके दुकान में बैठकर स्वाद का आनंद लेते है और अपनी बाइक और पटरी पर आने जाने वाले आम जनमानस की कोई चिंता नहीं है उनकी खड़ी बाइक से कोई दुर्घटना शिकार हो सकता है नगर प्रशासन के 2 से 3 दिन में अतिक्रमण करने वालो को खाली करने के लिए कहा गया था उसके बाद भी लोगों के कानों में जूं नहीं रेंगी और अपने वादे से नगर प्रशासन मुकर गया है और अवैध अतिक्रमण पर नगर प्रशासन कार्यवाही करता नहीं दिख रहा है।

संपादक की कलम से

गुटनिरपेक्षता से लेकर अगले सप्ताह दिल्ली में जी-20

डॉ. अरुण मित्रा

7वें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत ने विकासशील देशों को निरस्त्रीकरण, समान विकास, मानवाधिकार, सभी के लिए स्वास्थ्य आदि एक लक्ष्य पर संगठित करने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने फिलिस्तीनियों के हितों और मानवाधिकारों के अन्य मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किये थे। ऐसे फैसलों के लिए स्टेट्समैनशिप की जरूरत होती है। अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक को लेकर काफी उत्साह पैदा किया जा रहा है, विशेष रूप से यह दिखाने के लिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण ही भारत को समूह की अध्यक्षता मिली है, तथा इसी का प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। परन्तु मामले की सच्चाई यह है कि जी-20 में अध्यक्षता की एक चक्रीय प्रणाली है, जिसके तहत सभी सदस्य देशों को बारी-बारी से आयोजन का अवसर और अध्यक्षता और दी जाती है। दरअसल भारत पिछले साल जी-20 का अध्यक्ष बन सकता था लेकिन इसमें एक साल की देरी हो गई। जी-20 के पास चर्चा के लिए कई एजेंडे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक शांति और सभी के लिए स्वास्थ्य है। कई हिस्सों में चल रहे सशस्त्र संघर्षों के कारण आज दुनिया बहुत गंभीर स्थिति में है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष इस समय सबसे गंभीर है। यूएनओ के अनुसार अब तक 3604 नागरिकों सहित 14400 से अधिक लोग मारे गये हैं। 80 लाख से अधिक लोग बाहरी रूप से विस्थापित होकर दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। मामला सिर्फ रूस और यूक्रेन के बीच नहीं रह गया है। अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी से चीजें बहुत आगे बढ़ गई हैं। दोनों पक्षों ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान जारी करने के बाद कि वह यूक्रेन को क्लस्टर हथियारों की आपूर्ति करेंगे, रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में उनके पास परमाणु हथियारों का उपयोग करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचेगा। यह बहुत खतरनाक स्थिति है क्योंकि इस समय उस सीमा पर कोई भी परमाणु आदान-प्रदान रूस और यूक्रेन के बीच सीमित नहीं रहेगा। यह रूस और अमेरिका और नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान होगा। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, इसका मतलब 5 अरब से अधिक लोगों की मृत्यु होगी जो हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा। आईपीपीएनडब्ल्यू और पर्यावरण समूहों द्वारा किये गये अध्ययन ने पहले ही सुबूतों के साथ दिखाया है कि उदाहरण के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित परमाणु आदान-प्रदान से भी 2 अरब से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। लेकिन रूस और अमेरिका के बीच आदान-प्रदान कहीं अधिक विनाशकारी होगा। इसके अलावा अफ्रीका और एशिया के विभिन्न हिस्सों में भी संघर्ष चल रहे हैं। इन आंतरिक झगड़ों को अमीर देशों के विभिन्न आर्थिक हितों के लिए किसी न किसी रूप में अंतरर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त है। फिलिस्तीन या सीरिया की स्थिति अत्यधिक मानवाधिकार उल्लंघन के उदाहरण हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि जी-20 परमाणु निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर कड़ा निर्णय ले और छोटे हथियारों के प्रसार पर रोक लगाये। हालांकि यह असंभावित लगता है क्योंकि जी-20 एक समरूप समूह नहीं है। यह बहुराष्ट्रीय निगमों और सैन्य औद्योगिक परिसरों पर हावी स्व-हित वाले देशों का एक समूह है। यह गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नैम) के विपरीत है जिसने प्रभावी कदम उठाए और विभिन्न देशों में निरस्त्रीकरण, विकास और मानवाधिकारों के मुद्दे पर गंभीर चिंताएं उठाईं। यह सर्वविदित है कि उस समय भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

'वन नेशन वन इलेक्शन' की ओर बढ़ता देश

अरविंद जयतिलक

केंद्र की मोदी सरकार ने संसद के विशेष सत्र की घोषणा के बाद देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक देश एक चुनाव की संभावना तलाशने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन कर दी है। इस कमेटी में सात मेंबर शामिल किए गए हैं। इनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता अधीर रंजन चैधरी, गुलाम नबी आजाद, फाइनेंस कमीशन के पूर्व चेयरमैन एन के सिंह, संविधानविद् सुभाष कश्यप, देश के जाने-माने एडवोकेट हरीश शाल्वे और संजय कोठारी शामिल हैं। हालांकि अधीर रंजन चैधरी ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर इस कमेटी में शामिल होने से इंकार कर दिया है। बहरहाल इस कमेटी का काम यह जानना होगा कि देश में एक साथ चुनाव कराए जाने में कितना वक्त लगेगा और कितने चरण में संपन्न हो सकता है। इसके अलावा इस कमेटी से यह भी पूछा गया है कि एक साथ चुनाव कराने के लिए किस तरह का सुरक्षा प्रबंध, कितना ईवीएम और कितना मैनपॉवर होना चाहिए। कमेटी को यह भी बताना है कि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो इसके लिए क्या संवैधानिक बदलाव होना चाहिए। गौर करें तो एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार कोई नया नहीं है। 1952 में प्रथम आमचुनाव से लेकर 1967 के चैथे आम चुनाव तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते रहे। उसके बाद सत्तारुढ़ दलों की महत्वकांक्षा और अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग ने चुनावी कैलेंडर की तस्वीर बदल दी। याद होगा गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 80वें सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनावों के लिए एक ही निर्वाचन सूची होनी चाहिए। अलग-अलग सूची बनाना संसाधनों को बर्बाद करने जैसा है। अगर एक राष्ट्र, एक चुनाव फलीभूत होता है तो निःसंदेह देश का फायदा होगा। धन के अपव्यय से बचा जा सकेगा। वैसे भी इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग अपना-अपना दृष्टिकोण प्रकट कर चुके हैं। 1999 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में एक राष्ट्र, एक चुनाव के सुझाव के साथ-साथ सख्त कानूनी ढांचे की सिफारिश की थी। आयोग द्वारा भी गत वर्ष की गयी मसौदा सिफारिशों में संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन की बात कही जा चुकी है ताकि एक साथ चुनाव सुनिश्चित हो सके। विधि आयोग ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते हैं, बशर्ते संविधान के कम से कम दो प्रावधानों में संशोधन किए जाएं और बहुमत से राज्यों द्वारा उनका अनुमोदन किया जाए। विधि आयोग के अलावा 2015 में कानून और न्याय मामलों की संसदीय समिति ने भी एक राष्ट्र, एक चुनाव की सिफारिश की थी। इन संस्थाओं के सुझावों के बाद ही सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब सरकार के साथ सभी विपक्षी दल भी कदमताल करेंगे। हालांकि कुछ विपक्षी दल सरकार के रुख से आंशिक रुप से सहमत हैं लेकिन पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उनके अपने-अपने तर्क हैं। लेकिन सच्चाई यहीं है एक साथ चुनाव होने के ढ़ेर सारे फायदे हैं। मसलन हर वर्ष पांच से ज्यादा राज्यों में चुनाव होते हैं जिसपर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। अगर पांच साल में एक बार चुनाव होगा तो करोड़ों रुपए की बचत होगी और उस धन का उपयोग गरीबी, भूखमरी और कुपोषण से लड़ने में हो सकता है। इसके अलावा कम अवधि के लिए आचार संहिता लागू होगी जिससे सामान्य सरकारी कामकाज में भी अवरोध उत्पन नहीं होगा।

लोकसभा और विधानसभा का चुनाव साथ होने से काला धन के प्रवाह पर भी रोक लगेगी। यह सच्चाई है कि चुनावों में काला धन का जमकर उपयोग होता है और उससे नतीजे भी प्रभावित होते हैं। चुनाव आयोग द्वारा हर चुनाव में हजारों करोड़ रुपए काला धन जब्त किया जाता है। दूसरी ओर एक साथ चुनाव होने से शिक्षा क्षेत्र का कामकाज प्रभावित होने से बचेगा। चुनाव में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की ड्यूटी लगती है और पठन-पाठन बाधित होता है। बार-बार चुनाव होने से आम जीवन भी प्रभावित होता है। चुनावी रैलियों से यातायात प्रभावित होता है और वायु प्रदूषण से विस्फोटक स्थिति उत्पन होती है। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी कि एक साथ चुनाव होने से जनता की भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। पांच साल में एक बार चुनाव होने से जनता के बीच भी उत्साह उत्पन होगा। यह सच्चाई है कि देश में बार-बार चुनाव होने से लोगों का चुनाव के प्रति आकर्षण कम होता है और उसका कुप्रभाव लोकतंत्र की बुनियाद पर पड़ता है। बहुत से लोग रोजगार एवं अन्य कारणों से दूसरे जगहों पर रहते हैं। उन्हें मतदान के लिए बार-बार अपने मूलस्थान पर आना संभव नहीं होता। एक तो आने-जाने में छुट्टियों का नुकसान होता है और दूसरा धन व्यय करना पड़ता है।

लेकिन अगर एक साथ चुनाव हो तो लोग एक बार में दोनों चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन बिडंबना है कि राजनीतिक दल इस स्थिति को समझने के लिए तैयार नहीं हैं। वे सिर्फ विरोध के लिए विरोध की राजनीति पर आमादा हैं। वे फायदे के बजाए कल्पित नुकसान के कुतर्क को ही आगे बढ़ा रहे हैं। याद होगा गत वर्ष एक राष्ट्र, एक चुनाव के मसले पर जब प्रधानमंत्री ने बैठक बुलायी तो किस तरह कुछ राजनीतिक दलों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। दरअसल इस बहिष्कार के पीछे उनका मकसद यह साबित करना था कि एक राष्ट्र, एक चुनाव असंवैधानिक और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है और सरकार इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधना चाहती है। यह आरोप ठीक नहीं है। विमर्श से पहले ही इस नतीजे पर पहुंच जाना कि एक साथ चुनाव देश हित में नहीं है लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है। देखें तो राजनीतिक दलों की नजर में एक साथ चुनाव होने से कई तरह की समस्याएं उत्पन होंगी। मसलन चुनाव जीतने के लिए बड़े राजनीतिक दल भारी पैमाने पर संसाधनों का इस्तेमाल करेंगे जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए उनका मुकाबला कठिन होगा। यानी बड़े राजनीतिक दल छोटे राजनीतिक दलों को चुनाव में हरा देंगे। यानी यों कहें तो उनका सोचना है कि एक साथ चुनाव होगा तो मतदाता केंद्र एवं राज्य में एक ही दल को बहुमत देगा। लेकिन यह चिंता निर्मूल है। उदाहरण के लिए 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ कई राज्यों की विधानसभाओं के भी चुनाव हुए लेकिन नतीजे अलग-अलग रहे। क्या यह रेखांकित नहीं करता है कि देश का मतदाता परिपक्व हो चुका है?

क्षेत्रीय दलों का तर्क है कि चुनावों के दौरान देश के बड़े राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को उछालेंगे जिसमें क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के मुद्दे गौण पड़ जाएंगे। यानी देश की जनता क्षेत्रीय मुद्दों के बजाए राष्ट्रीय मुद्दों को तवज्जों देगी और उसका नुकसान क्षेत्रीय दलों का उठाना होगा। उनकी आशंका है कि एक साथ चुनाव होने से चुनाव का स्वरुप व्यक्ति केंद्रीत हो जाएगा और राष्ट्रीय दल प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर चुनाव में बढ़त बना लेंगे। यानी देश की जनता जिस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाएगी उसी दल का राज्यों में भी दबदबा होगा। क्षेत्रीय दलों का तर्क यह भी है कि एक साथ चुनाव होनें से अधिकाधिक सुरक्षा बलों का इस्तेमाल करना होगा और यह देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ होगा। आतंकवादी हमले की संभावना बढ़ जाएगी।

उन्हें आशंका है कि एक साथ चुनाव होने से परिणाम देर में आएंगे और सत्तारुढ़ दल उसमें हेरा-फेरी करा सकता है। गौर करें तो क्षेत्रीय दलों का विरोध ठीक वैसा ही है जिस तरह वे चुनाव के दौरान ईवीएम को लेकर छाती पीट रहे थे। संभवतः एक राष्ट्र, एक चुनाव का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों का देश की जनता पर भरोसा कम और अपने कपोलकल्पित आशंकाओं पर ज्यादा हैं। यह नकारात्मक प्रवृत्ति न तो उनके और न ही देश के हित में है।

चांद सूरज के साथ ही विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा इसरो

सुनील महला

भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद अब देश के साथ-साथ पूरे विश्व की निगाहें इसरो के सूर्य मिशन यानी आदित्य एल-1 पर टिकी हुई हैं। श्रीहरिकोटा के लॉन्चिंग सेंटर से आदित्य-छ1 मिशन को 2 सितंबर 2023 को प्रातः 11.50 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया गया। आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान को पृथ्वी और सूर्य के बीच की एक फीसदी दूरी तय करके एल-वन पॉइंट पर पहुंचा देगा। बताया जा रहा है कि लॉन्चिंग के ठीक 127 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल वन तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर पहुंचने के बाद आदित्य एल-1सूर्य से जुड़े बेहद अहम डेटा भेजना शुरू कर देगा। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि लेकिन आदित्य एल-1 चांद की तरह से सूरज पर लैंड नहीं कर सकता। वास्तव में इसका कारण यह है कि सूरज का तापमान इतना ज?यादा है कि पृ?वी की कोई भी चीज उसे बर्दाश?त नहीं कर सकती है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना भी आवश्यक है कि वास्तव में आदित्य-एल वन मिशन एक ऑब्जर्वेटरी क्लास मिशन है। भारत का आदि?य यान एल वन पॉइंट में रहकर सूरज की गतिविधियों पर 24 घंटे निगाह रखेगा और ग्राउंड स्टेशन पर फोटोग्राफ्स भेजेगा। अब यहां हमें यह जानने की जरूरत है कि आखिर एल वन प्वाइंट है क्या ? तो जानकारी देना चाहूंगा कि सूरज की भी अपनी ग्रेविटी है और धरती की अपनी ग्रेविटी है। वो स?थान जहां सूरज और धरती दोनों की ग्रेविटी संतुलित हो जाती है, उस जगह को लैग्रेंज पॉइंट कहा जाता है। पाठकों को यह तो विदित ही है कि धरती से सूरज की दूरी तकरीबन 15 करोड़ किलोमीटर है। इस दूरी के बीच पांच लैग्रेंज पॉइंट्स हैं. इन-?हें एल 1, एल 2, एल 3, एल 4 और एल 5 पॉइंट के नाम से जाना जाता है। इनका नाम 18वीं सदी के इतालवी खगोलशास्त्री और गणितज्ञ जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। एल 1, एल 2, एल 3 स्थिर नहीं है और इनकी स्थिति बदलती रहती है, जबकि एल 4 और एल 5 पॉइंट स्थिर है और अपनी स्थिति नहीं बदलते हैं। एल 1 इसका पहला पॉइंट है, जो धरती से 15 लाख किलोमीटर दूर है?। एल 1 पॉइंट को लैग्रेंजियन पॉइंट, लैग्रेंज पॉइंट, लिबरेशन पॉइंट या एल-पॉइंट के तौर पर जाना जाता है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर सूर्य के अध्ययन के लिए एल वन प्वाइंट को ही आखिर क्यों चुना गया है ? तो इसका उत्तर यह है कि यह एक ऐसा स्थान है, जहां से सूर्य की गतिविधियों पर 24 घंटे नजर रखी जा सकती है। ये वो जगह है जहां धरती और सूरज के गुरुत्वाकर्षण के बीच एक बैलेंस बन जाता है। इससे एक सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाता है, इस फोर्स की वजह से कोई भी स्पेसक्राफ्ट एक जगह स्थिर रह सकता है। इसके अलावा इस स?थान को दिन और रात की साइकिल प्रभावित नहीं करती। यहां से सूरज सातों दिन और 24 घंटे दिखाई पड़ता है। वहीं ये पॉइंट पृथ्वी के नजदीक है और यहां से संचार में काफी आसानी होती है। यही कारण है कि इस प्वाइंट को हमारे वैज्ञानिकों द्वारा चुना गया है। हाल फिलहाल हमारे देश की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो का यह मिशन आदित्य एल-1 एक सौ पच्चीस दिनों की लंबी यात्रा पर निकला है। यह भारत का पहला सौर मिशन है। सर्वप्रथम आदित्य -एल 1 के सफल प्रक्षेपण के लिए, इसरो के हमारे सभी वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को बहुत बहुत बधाई कि चंद्रयान-3 मिशन के कुछ समय बाद ही उन्होंने अपनी अथक मेहनत,लगन व निष्ठा से संपूर्ण विश्व का दिल जीत लिया। मानवता के कल्याण के लिए हमारे देश के वैज्ञानिक और इंजीनियर लगातार मेहनत कर रहे हैं और भारत ने दुनिया को सौर मिशन लांच करके यह दिखा दिया है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में उसका कोई भी सानी नहीं है। चंद्रयान-3 मिशन की भांति ही हमारे देश के इसरो का यह मिशन कामयाब होगा, ऐसी हम सभी ईश्वर से कामना और प्रार्थना करते हैं। जानकारी मिलती है कि इसरो लगातार अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर लगातार काम कर रहा है। शुक्र ग्रह पर मिशन भेजना भी इसमें शामिल बताया जा रहा है। जानकारी यह भी मिलती है कि जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा और भारत की स्पेस एजेंसी इसरो एक साथ मिलकर साल 2024-25 में चांद पर एक और मिशन प्लान कर रहे हैं, जिसका नाम है ल्यूपेक्स। यानी कि लूनर पोलर एक्स्प्लोरेशन। इसका मकसद स्थाई रूप से ढके हुए चांद को ध्रुव के बारे में जानकारी हासिल करना है। यहां तक कि इसरो भविष्य में ऐसे सैटेलाइट लांच करने के बारे में लगातार काम कर रहा है जो वापस धरती पर लौट सकें। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत अंतरिक्ष में जो भी सैटेलाइट लांच करता है, वे अंतरिक्ष से वापस लौटकर धरती पर नहीं आते हैं। मतलब यह है कि इसरो अब सैटेलाइट के रिटर्न मिशन में लगातार लगा है। उल्लेखनीय है कि चीन वर्ष 2020 में एक ऐसा मिशन भेज चुका है। वास्तव में चीन ने 23 नवंबर, 2020 को चांग ई-5 नाम से सैटेलाइट को लॉन्च किया था और वह सैटेलाइट 1 दिसंबर 2020 को चांद की सतह पर पहुंचा था तथा फिर 16 दिसंबर 2020 को चीन का स्पेसक्राफ्ट धरती पर भी लौट आया था। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो अपने गगनयान प्रोजेक्ट में इंसानों के साथ स्पेसक्राफ्ट को करीब 400 किमी दूर भेजने और फिर उन्हें वापस भारतीय समंदर में लैंड करवाने की योजना बना रहा है। इसरो ने इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी है।

देश को संशय में डालती मोदी सरकार

संसदीय परम्पराओं की अवहेलना करने की आदी हो चुकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने अपनी इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश के इतिहास में पहली बार ट्विट के जरिये संसद का विशेष सत्र बुलाकर साबित कर दिया है कि वह न केवल गैरजिम्मेदार है वरन उसका पारदर्शिता से भी कोई लेना-देना नहीं रह गया है। ऐसे वक्त में जब संयुक्त विपक्ष का गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंन्क्लूजिव एलाएंस) मुम्बई में 31 अगस्त व 1 सितंम्बर को 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति में व्यस्त था, केन्द्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी कि 18 से 22 सितम्बर को विशेष सत्र होगा। भले ही इस सूचना को इंडिया उपेक्षित कर अपनी कार्यवाही में लगा रहा लेकिन यह एक तरह से देश को अंधेरे में रखने जैसा है क्योंकि यह कार्यप्रणाली किसी लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार की नहीं हो सकती। न ही यह इंडिया की बढ़ती एकता के जवाब में होनी चाहिये। इसे लेकर कई तरह के कयास हैं। इसमें वर्ष 2024 में होने जा रहे लोकसभा को समय से पहले करा लेने की सम्भावना से लेकर संविधान में संशोधन, चुनाव टाल देने या फिर मोदी को हमेशा के लिये पीएम बनाये जाने जैसी गुंजाइशें टटोली जा रही हैं। चीन द्वारा नया नक्शा जारी करना (जिसमें अरूणाचल प्रदेश को चीन का हिस्सा बताया गया है), मणिपुर हिंसा, गौतम अदानी को लेकर नये खुलासे, महंगाई आदि अनेक विषय हैं जिनके बारे में अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं कि इन मसलों पर सरकार कोई बात करना चाहती है। सही जानकारी किसी के भी पास नहीं है। फिर, हाल ही में तो संसद का सत्र हो चुका है। क्यों नहीं सरकार ने इन विषयों पर तब चर्चा कर ली? सवाल यह भी है कि क्यों लोगों या सांसदों को विषय को लेकर कयास लगाने के लिये छोड़ा जाये? क्यों नहीं सूचना के साथ ही विषय की जानकारी दे दी गई? संसद पर केवल सत्ता का हक नहीं है, जो अन्य लोगों को इसकी सूचना से वंचित रखा जाये। यह सत्र 5 दिनों का क्यों है, जबकि विशेष सत्र एकाध दिन के ही होते हैं? दुर्भाग्य से तमाशों के आयोजनों में पारंगत मोदी सरकार इसे भी इवेंट बना रही है। आखिरकार विशेष सत्र कोई मजाक नहीं होता और न ही उसे सत्तापक्ष का कोई विशेषाधिकार समझा जाये, बावजूद इसके कि सरकार को ऐसा करने का पूरा हक है। तो भी, इस अधिकार का प्रयोग बहुत गम्भीरता से; और बेहद खास उद्देश्यों को लेकर होना चाहिये। विशेष सत्र का विषय क्या है, यह किन परिस्थितियों में आयोजित किया जा रहा है और इसे बुलाये जाने का प्रयोजन क्या है- यह सारा कुछ सरकार को बतलाना चाहिये था। यह सूचना प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से तथा बाकायदा एक अधिसूचना जारी कर नागरिकों को देनी थी। संसद पर पहला हक तो नागरिकों का होता है, चाहे वे स्वयं इसके प्रत्यक्ष सदस्य न हों।

जो सदस्य दोनों सदनों में बैठते हैं वे अंततः जनसामान्य की ही नुमाइंदगी करते हैं। सरकार को पहले तो इस पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिये थी फिर अपना उद्देश्य बतलाना चाहिये था। मोदी सरकार द्वारा संसदीय गरिमा व परम्पराओं को ध्वस्त करने की पूरी श्रृंखला है, जिसकी एक और कड़ी का सम्बन्ध इसी एपीसोड से है।

राष्ट्र के प्रकाश स्तम्भ होते हैं शिक्षक

रमेश सर्राफ धमोरा

शिक्षक हर व्यक्ति के जीवन की रीढ़ होते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है। इसलिये देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है। दुनियां के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पांच सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 1962 से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है। हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः-

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट

कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन का जन्म पांच सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक थे। जिन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन पेशे को दिया है। वो विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों के योगदान और भूमिका के लिये प्रसिद्ध थे। इसलिये वो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने शिक्षकों के बारे में सोचा और हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रुप में मनाने का अनुरोध किया। उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था।

डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन पेशे में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रुप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों तथा विदेशों में लंदन के ऑक्सफोर्ड जैसे विश्वविद्यालयों में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति अपने समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पुराने समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनो ही बदल गये है।

पहले शिक्षण एक पेशा ना होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक एक व्यक्ति के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। शिक्षक एक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते है। यह विद्यार्थी के उपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास के ने इसे नीचे के पंक्तियों में बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया है।

जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

संत तुलसी दास ने बताया है कि भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आयेंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदहारण के लिए अर्जुन भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वही मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। ठीक इसी प्रकार से यह शिक्षक के उपर भी लागू होता है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है। शिक्षक दिवस को स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक और विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही खुशी और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन विद्यार्थियों से शिक्षकों को ढ़ेर सारी बधाईयां मिलती है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान में मनाया जाता है। शिक्षक पूरे वर्ष मेहनत करते है और चाहते है कि उनके छात्र विद्यालय और अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करें।

शिक्षक दिवस पर पूरे देश के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितम्बर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्तूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्तूबर और पाकिस्तान में पांच अक्तूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है।

भादो माह के मेला को प्रशासन ने कसी कमर

तीर्थ यात्रियों की सुविधा को चौकस व्यवस्था के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में भादो माह की अमावस्या मेला तैयारी बाबत बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 14 सितंबर को भादों माह की अमावस्या है। धार्मिक गतिविधियों का मेला 13 से 15 सितंबर तक चलेगा।

सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग, रामघाट, पूरे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरे, जो खराब हैं, उन्हें ठीक करा दें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगायें। एसडीएम व सीओ सिटी एवं यातायात से कहा कि जिन स्थानों पर पार्किंग स्थल बने हैं, वहां कौन से वाहन खड़े होंगे, बैनर लगायें। सभी पार्किंग स्थल का भ्रमण कर जो कमियां हो ठीक करायें। पेयजल, प्रकाश, शौचालय की व्यवस्था करें। पार्किंग स्थलों में देखें कि बरसात होती है तो वहां वाहन खड़े करने को अन्यत्र व्यवस्था रखी जाए। एएसपी से कहा कि पार्किंग प्रभारी नामित करें। एक्सईएन जल संस्थान से कहा कि पार्किंग स्थल एवं मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल सुलभ कराने को टैंकर लगायें। जहां टैंकर कम हो, डीपीआरओ से मांगकर व्यवस्था करायें। एक्सईएन विद्युत से कहा कि मेला क्षेत्र में मेला दौरान निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति जारी रहे। जो तार या पोल खराब हों, मेला से पहले ठीक करा लें। ईओ से कहा कि पर्यटन अधिकारी परिक्रमा मार्ग में प्रकाश एवं सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग चेक करा ले। ईओ से कहा कि फ्लड लाइट की व्यवस्था करायें। बेड़ीपुलिया व निमोहीं अखाड़ा यूपीटी के पास पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगायें। अन्ना पशुओं को टीमें लगाकर मेला क्षेत्र में अन्ना पशु नहीं घूमने चाहिए। सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद से कहा कि रामघाट किनारे पर बैरिकेडिंग कराकर गोताखोर नाव बैनर भी लगवायें। चैकी प्रभारी सीतापुर से कहा कि नाविकों को स्थान चिन्हित कर नाव लगवायें, ताकि तीर्थ यात्रियों को मंदाकिनी में स्नान में परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने रोडवेज के अधिकारियों से कहा कि बसों की संख्या और बढ़ाकर नये बस स्टेशन से बसों का संचालन करायें। कर्वी बस स्टॉप पर बसों को नहीं खड़ा किया जाए। अधीक्षक रेलवे स्टेशन से कहा कि मेला दौरान स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था करें। ट्रेनों के समय का प्रचार-प्रसार भी किया जाए। स्टेशन के बाहर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी रेलवे लगवाये। भरतकूप व शिवरामपुर स्टेशन पर मेला दौरान ट्रेनों को रोकने की व्यवस्था करायें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि ट्रैफिक चैराहा, जूनियर हाई स्कूल खोही, परिक्रमा मार्ग पर एंबुलेंस की व्यवस्था करें। जहां स्वास्थ्य टीमें लगाई जाती थी, वहीं पर लगे। चैकी परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर स्टेचर की व्यवस्था रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की जांच जारी रहे। परिक्रमा मार्ग में जलेबी वाली गली में दुकानदार सिलेंडर का प्रयोग कर रहे हैं, पूर्ति निरीक्षक के साथ सीज करायें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि बाल श्रम के खिलाफ कार्यवाही करें। जिला खनिज अधिकारी से कहा कि ट्रक और क्रेशर यूनियन के साथ संपर्क कर मेला दौरान भारी वाहनों का संचालन बंद करायें। एएसडीएम से कहा कि गेट व साज-सज्जा की व्यवस्था पर्यटन अधिकारी से करायें।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी राजबहादुर, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, एएसडीएम सतीश चंद्र, पंकज वर्मा, सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, मऊ सीओ राजकमल, राजापुर सीओ निष्ठा उपाध्याय समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस ने दबोचा दहेज हत्या का वांछित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की टीम ने दहेज हत्या के वांछित अजय पुत्र रतीभान निवासी परसौंजा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा, सिपाही गुड्डू यादव शामिल रहे।

पुलिस ने दबोचे छह जुआरी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह की टीम ने उमेश सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह निवासी मुलायम नगर बनकट, रज्जू कुमार पुत्र सलपाती कुम्हार निवासी पहाड़ी, अनीश पुत्र नबी खां निवासी इटवां थाना रैपुरा, अर्जुन प्रसाद नाई पुत्र हर प्रसाद, विनय कुमार पटेल पुत्र ललक सिंह पटेल, वीरेन्द्र कुमार पुत्र अमृतलाल निवासी नई दुनिया बनकट को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ में 2240 रुपये, 52 ताश के पत्ते व जामा तलाशी से 380 रुपये बरामद हुए। इनके खिलाफ कोतवाली में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है। टीम में दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही गोलू भार्गव व राहुल देव शामिल रहे।

दो के कब्जे से पांच लीटर महुआ व 37 क्वार्टर देशी शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब व 37 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

सोमवार को सरधुआ थाने के दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी की अगुवाई में सिपाही अमित सिंह व बब्बू राजा की टीम ने बबली पुत्र भोला प्रसाद निवासी बक्टाखुर्द थाना सरधुवा के कब्जे से 37 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ सरधुवा थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की अगुवाई में सिपाही संजीव सोनी व महिला सिपाही रानी देवी ने जीतू देवी पत्नी राजाराम निवासी मकरी पहरा थाना पहाड़ी के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहाडी थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

दम्पति के विवाद को परिवार परामर्श केन्द्र ने सुलझाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर बहु एवं ससुरालीजनों में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

सोमवार को बरगढ स्टेशन के दिलीप कुमार चैरसिया पुत्र उमेशचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पत्नी प्रीती चैरसिया उसके साथ विवाद करती हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। परिवार परामर्श केन्द्र की महिला सिपाही सुरुची चैधरी ने शिकायतकर्ता की बातों को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने, पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की सलाह दी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्ष तालमेल से रहने को तैयार हुए।

डकैत खरदूषण को हुई पांच साल की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विशेष डकैती न्यायाधीश ने पुलिस पार्टी पर फायर करने के आरोपी डकैत खरदूषण को पांच साल की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

सोमवार को पुलिस महानिदेशक उप्र के जारी आपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वाद की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय एवं पैरोकार प्रदीप कुमार सरोज की पैरवी से डकैत खरदूषण को अदालत ने सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट/अपर सत्र न्यायधीश नीरज श्रीवास्तव ने थाना रैपुरा में दर्ज मामले के आरोपी खरदूषण उर्फ भइयन पुत्र हीरालाल निवासी नेउरा थाना मऊ को पांच वर्ष की सजा व पांच हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है कि 12 नवम्बर 2016 को खरदूषण गैंग ने साथियों समेत पुलिस पार्टी पर जानलेवा की नीयत से फायर किया था। इस बाबत रैपुरा थाने में मामला दर्ज था। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रैपुरा अंगद प्रताप सिंह ने विवेचना कर 24 अप्रैल 2017 को आरोपी को गिरफ्तार किया था। 12 सितम्बर 2017 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

विवाह योजना के दें आवेदन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदन को आनलाइन पोर्टल शुरू किया है। योजना का लाभ उठाने को वेबसाइड पर पंजीयन करायें। कन्या के अभिभावक उप्र के मूल निवासी हो। कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। कन्या के परिवार की सभी स्त्रोतों से आय दो लाख रुपये से अधिक न हो। आयु की पुष्टि को स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। निराश्रित, कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता दी जायेगी। योजना में प्रति जोडे पर 51 हजार रुपये व्यय किया जाता है। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते, दस हजार रुपये की विवाह सामग्री, छह हजार रुपये प्रति जोड़ा वैवाहिक कार्यक्रम स्थल पर भोजन, पंडाल एवं अन्य व्यवस्था पर व्यय किया जाता है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्रों से आनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराकर लाभ लें। जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के बताये उद्देश्य

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। संयुक्त जिला चिकित्सालय में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 11 नवजात बच्चियों का जिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा की मौजूदगी में कन्या जन्मोत्सव मनाया। बच्चियों को माता के साथ केक काटकर व बेबी किट देकर खुशियां मनाई।

सोमवार को उन्होंने जन्मोत्सव के उद्देश्य बताये। सरकार की चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, हेल्पलाइन नंबर आदि के साथ दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ, बाल विवाह के खिलाफ भी जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला शक्ति टीम से महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, सखी वन स्टॉप सेंटर से सेंटर प्रभारी मनोपरामर्शदाता अर्चना साहू, जिला समन्वयक मीनू सिंह, संध्या गुप्ता, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, अस्पताल से स्टाफ नर्स सुधा समेत 40 महिलायें, दस पुरुष और 12 किशोरियां मौजूद रही।

दबंगों ने बुजुर्ग महिला की बेरहमी से की पिटाई, पति को छुड़ाने की आई थी मदद मांगने

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जुआ खेलने के विवाद में पकड़े जाने से जुआरियों के परिजन एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। दबंग ने एक पक्ष की महिला की लात-घूसों से जमकर पिटाई की है।

सोमवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर कोतवाली कर्वी क्षेत्र के बनकट नई दुनिया मोहल्ले की एक महिला को बेरहमी से लात-घूसों से तीन लोग मारपीट करते दिख रहे हैं। बताया गया कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोग जुआ खेलते पकड़े गए थे। थाने से पुलिस ने निजी मुचलके पर जमानत पर छोड दिया था। मार खा रही महिला का पति थाने से न छूटने से महिला छूटे जुआरियों के घर जाकर उसे भी छुड़ाने की बात कहने लगी। इसी बात को लेकर आपस में कहा-सुनी के बाद मारपीट होने लगी। देखते-देखते दबंगों ने महिला की जमकर बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी युवती को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

आठ को सपा विधायक देंगे धरना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने एसडीएम सदर को सौंपे पत्र में कहा कि जिले में अघोषित विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज से लोग खासे परेशान हैं। जिले को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाये।

सोमवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने एसडीएम सदर को सौंपे पत्र में कहा कि नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने, यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता न होने, अन्ना पशुओं से छुटकारा न होने, बिजली चोरी के नाम पर गरीब मजलूमों को परेशान करना, विभिन्न सम्पर्क मार्गों का निर्माण न होना, जिला अस्पताल एवं खोह में स्टाफ एवं डॉक्टरों की तैनाती न होना, नमामिगंगे के तहत प्रत्येक गांवों की तोडी सडकों की पक्की मरम्मत न होने, पात्रों को आवास योजना का लाभ दिलाने, श्रम विभाग में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने की समस्याओं को लेकर आठ सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तहसील कर्वी में उनकी अगुवाई में विशाल धरना होगा।

उन्होंने कहा कि धरने में विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण, कृषि, खंड विकास अधिकारी आदि विभागों के सक्षम अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

नौ को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत निपटेंगे तमाम मामले

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख ईनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नौ सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी ढंग से सफल बनाने को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुयी। सोमवार को जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मौजूद न्यायिक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर निस्तारण को तैयार करने पर जोर दिया। जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी चिन्हित वादों को नौ सितम्बर की तिथि नियत की जाये। नौ सितम्बर को वादों के निस्तारण के बाद सीआईएस पोर्टल पर उसी दिन निस्तारण करें। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख ईनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर, बाह्य न्यायालय परिसर मऊ, ग्राम न्यायालय परिसर मानिकपुर तथा जिले की कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर तहसीलो में होगी। शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक, भूमि अधिग्रहण, राजस्व/चकबन्दी, किरायेदारी, सुखाधिकार, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वाद, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन से ऐसे वाद जो न्यायालय के समक्ष नहीं आये। उपभोक्ता फोरम आदि का निस्तारण किया जायेगा। बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कृष्ण यादव, अपर जिला जज प्रथम रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीप नारायण तिवारी, विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय चतुर्थ संजय कुमार-2, अपर जिला जज/त्वरित न्यायालय न्यू सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे, सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा, सिविल जज (जूडि) सुश्री सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुश्री सैफाली यादव, सिविल जज (जूडि) सुश्री संघमित्रा, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

हापुड़ घटना पर सरकार के मौन से वकीलों में भडका आक्रोश

विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप्र बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, हापुड़ पुलिस मुदार्बाद के नारों से ट्रैफिक चैराहा गूंज उठा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरन यादव की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर हापुड़ घटना की निन्दा की।

सोमवार को हापुड घटना पर बार एसोसिएशन के महासचिव मान सिंह ने कहा कि हापुड़ घटना पर सरकार की दोहरी नीति है। दोषियों के खिलाफ सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सरकार को जल्द एडवोकेट प्रोटेक्सन एक्ट लागू करना चाहिए, क्योंकि अधिवक्ता लगातार साजिसों

के शिकार हो रहे हैं। अधिवक्ताओं की हत्याओ पर रोष जताया। फौजदारी के अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि हापुड़ में निहत्थे अधिवक्ताओं पर हुआ हमला कानून पर कालिख है। सचिन श्रीवास्तव ने कड़े शब्दों में घटना की निन्दा की। अधिवक्ताओं का समूह कचेहरी परिसर से ट्रैफिक चैराहा होता हुआ तहसील परिसर पहुंचा।

यहां एसडीएम सदर को राज्यपाल संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व अध्यक्ष सुरेश तिवारी, कम्युनिस्ट नेता अमित यादव, अनिल त्रिपाठी, सचिन श्रीवास्तव, नीरू गुप्ता, टीएन सिंह, सुरेन्द्र पयासी, पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, रामकृष्ण सोनी, मनमोहन चतुर्वेदी, धर्मराज सिंह पटेल, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण त्रिपाठी, त्रिभुवन सिंह यादव, आशीष यादव, कुंवर रोहित सिंह, पूर्व कोषाध्यक्ष देवशरण मिश्र, अनिल श्रीवास्तव समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। कचहरी परिसर में पूर्व अध्यक्ष हेमराज सिंह की माता के स्वर्गवास होने पर अधिवक्ताओं ने पांच मिनट का मौन धारणकर श्रद्धांजलि दी।

अवैध शराब कारोबारियों पर चला हंटर, आठ अभियोग दर्ज

लखीमपुर खीरी

अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के आबकारी आयुक्त के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित प्रशासन, पुलिस, आबकारी महकमे की संयुक्त टीम ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।जिला आबकारी अधिकारी ने बताया सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे हैं। जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। जनपद में दबिश के दौरान कुल 08 अभियोग पंजीकृत कर 240 लीटर अवैध शराब और 2000 किग्रा लहन बरामद की गई।शनिवार को जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी, आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला, आबकारी निरीक्षक अब्दुल अजीज क्षेत्र 7 धौरहरा ने दल बल के साथ संयुक्त रूप टीम बनाकर ग्राम जहानपुर, भुसौरिया, कुंदवा, कुम्हारन टोला, पसियाना, भटपुरवा थाना गोला में दबिश देकर संदिग्ध घरों खेतों संदिग्ध स्थानों एवं उसके आसपास से भारी मात्रा में कच्ची शराब प्लास्टिक के जरिकेनों से चढ़ी भट्ठियां प्लास्टिक की थैलियों एवं लोहे के ड्रमों में लहन बरामद कर मौके पर भट्ठियों, ड्रमों एवं लहन को नष्ट किया।

मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब व्यापार में लिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया। इसके साथ ही आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पुरैना थाना निघासन में दबिश देकर नाले किनारे से कच्ची शराब की चढ़ी भट्ठियों और लहन को बरामद करते हुए मौके पर नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ ग्राम टेहरा थाना पलिया में दबिश देकर में संदिग्ध घर से कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतल में बरामद की गई।

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकर की 'कश्मीर' पर दुनिया को चेतावनी

इस्लामाबाद। आगामी आम चुनाव के मद्देनजर कुछ दिन पहले पाकिस्तान की कमान संभालने वाले कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर की जुबान भी कश्मीर पर कसैली हो गई है। काकर ने चेतावनी दी है कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार कश्मीर मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान न हुआ तो यह न केवल भारत और पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय होगा।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक काकर ने यह टिप्पणी मुल्क के एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार के दौरान की। उन्होंने कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के साथ युद्ध की ओर नहीं जाना चाहते। कश्मीर को मुख्य मुद्दा बताने का मतलब यह नहीं है कि हम भारत के साथ हर समय युद्ध चाहते हैं। नई दिल्ली के साथ इस्लामाबाद के पारंपरिक और ऐतिहासिक संबंध दोस्ताना नहीं रहे हैं। इस साक्षात्कार में काकर ने मुल्क में 9 मई की हिंसा को तख्तापलट और गृह युद्ध का प्रयास बताया। साथ ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए दंगों की निंदा की।

यमन की राजधानी सना के गैस स्टेशन में शक्तिशाली विस्फोट

सना। यमन की राजधानी सना में एक गैस स्टेशन में हुए शक्तिशाली विस्फोट से पूरा शहर दहल उठा। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हौथी नियंत्रित यमन की राजधानी सना में

हुआ यह विस्फोट इतना तेज था कि आसपास भीषण आग लग गई।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा गया है कि यह विस्फोट सना के मुफजेर गैस स्टेशन पर हुआ। यह स्टेशन राजधानी के उत्तर पूर्वी हिस्से में अल-खुराफी सैन्य शिविर के पास है। आग की लपटें मीलों दूर तक दिखाई दीं। विस्फोट के बाद हौथी बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हौथी समूह ने एक बयान में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई है।

चीन की सैन्य क्षमता कम करने के लिए अत्याधुनिक चिप नहीं बेचेगा अमेरिका

वाशिंगटन। चीन की सैन्य क्षमता कम करने के प्रयास में अमेरिका जरूरी अत्याधुनिक चिप चीन को नहीं बेचेगा। अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने यह जानकारी एक टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान दी।अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने कहा कि हम उनकी सैन्य क्षमता को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। अगर उन्हें ऐसा आभास हो रहा है तो मतलब हमारी रणनीति काम कर रही है। निश्चित तौर पर हम चीन को सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए अपने सबसे परिष्कृत (रिफाइन) चिप नहीं बेचने जा रहे हैं। हम इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे। रायमोंडो ने इसे एक जटिल संबंध बताते हुए कहा कि वास्तव में इसे आसान समझने वाली बात तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि चीन को लेकर कोई भी वाणिज्य मंत्री मुझसे ज्यादा सख्त नहीं रहा है। चीन की लगभग एक तिहाई कंपनियों को राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन और मेरी निगरानी में रखा गया है। आप आर्थिक लाभ को देखते हुए निर्यात को नियंत्रित नहीं कर सकते लेकिन हम राष्ट्रीय सुरक्षा के इर्द-गिर्द एक संकीर्ण रेखा रखना चाहते हैं।



नेपाल से 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा भारत, फैसले पर सरकार ने खुशी जताई

काठमांडू। भारत ने आगामी दस वर्ष में नेपाल से दस हजार मेगावाट बिजली खरीदने का औपचारिक निर्णय किया है। नेपाल के साथ हुए द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत सरकार ने यह फैसला लिया है।

नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने भारत के इस फैसले पर खुशी जताई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि भारत की कैबिनेट बैठक में 10 वर्ष में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीद संबंधी प्रस्ताव के पारित होने की जानकारी मिली है। भारत का यह फैसला नेपाल के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। नेपाल के ऊर्जा मंत्री शक्ति बस्नेत ने कहा है कि प्रधानमंत्री

पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच दीर्घकालीन विद्युत व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते में 10 वर्ष में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के नेपाल के प्रस्ताव पर भारत ने सहमति जताई थी।

रूस ने कुर्स्क में यूक्रेन के दो ड्रोन हमलों को विफल किया

मास्को। रूस ने दावा किया है कि उसने काला सागर से दूर कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के दो ड्रोन हमलों को विफल कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा- कीव के दो मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को लगभग 1ः00 बजे हमले से पहले ही मार गिराया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा गया है कि रूस के वायु रक्षा बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के आसमान पर यूक्रेन के ड्रोन को नष्ट कर दिया। रिपोर्ट्स में कहा है कि यूक्रेन के आक्रामक रुख को रूस ने गंभीरता से लिया है। रूस की सेना पहले से ज्यादा चाक-चौबंद किया गया है। रूस की

सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। रूस के ड्रोन ने रविवार तड़के यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में नाटो सदस्य रोमानिया के साथ मिलकर डेन्यूब बंदरगाह को निशाना बनाया। यह कार्रवाई रूस में व्लादिमीर पुतिन और तुर्किये के नेता रेसेप तैयप एर्दोगन के बीच एक शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर की गई। यूक्रेन ने स्वीकार किया है कि रूस ने ओडेसा क्षेत्र पर ईरान निर्मित ड्रोनों की बौछार कर दी। उनमें से 22 को उसने मार गिराया।

बाइडन को भारत यात्रा का इंतजार, जिनपिंग के जी-20 सम्मेलन में शामिल न होने से निराश

वाशिंगटन। भारत में इसी सप्ताह आयोजित हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में सहभागिता को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन खासे उत्साहित हैं। उन्होंने कहा है कि वह जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के जी-20 सम्मेलन में शामिल न होने से निराश हैं।

जी-20 समूह की अध्यक्षता इस वर्ष भारत के पास है और इसी सप्ताह नौ व दस सितंबर को इस समूह का शिखर सम्मेलन भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन शिखर सम्मेलन से पहले ही सात सितंबर को भारत दौरे पर पहुंचेंगे। आठ सितंबर को वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के

साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद नौ और दस सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत दौरे को लेकर पत्रकारों के सवाल के जवाब में जो बाइडन ने कहा कि वह भारत यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही कहा कि वे इस बात से निराश हैं कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत न पहुंचने की औपचारिक घोषणा हो चुकी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत नहीं आने की चर्चा चल रही है, लेकिन अब तक इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि शी जिनपिंग की जगह चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भारत आएंगे। नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा समेत अन्य नेता शामिल होंगे।

अफगानिस्तान का फैजाबाद भूकंप से कांपा

काबुल। अफगानिस्तान के फैजाबाद में सुबह 07:08 बजे भूकंप के झटकों से लोग दहल उठे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.4 रही। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र 158 किलोमीटर की गहराई पर था। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। इसमें



कहा गया है कि अगस्त में दस दिन के अंदर मुल्क में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। अगस्त में 18 अगस्त को सबसे पहले 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र अफगानिस्तान में भूकंप गतिविधि की निगरानी के लिए भारत सरकार की नोडल एजेंसी है। फिलहाल फैजाबाद और आसपास के इलाके से किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने जनता की शिकायत सुनने के लिए शुरू किया कॉल सेंटर 'हेलो सरकार'

काठमांडू। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' ने अपने दफ्तर में आम जनता की शिकायत सुनने के लिए 24म7 चलने वाले कॉल सेंटर की शुरुआत की है। 'हेलो सरकार' नाम के इस कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर पर फोन करके कोई भी नागरिक अपनी समस्या से सरकार को अवगत करा सकता है।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने पीएमओ में ही इस कॉल सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आम जनता की समस्याओं से सीधे जुड़ने के लिए यह कॉल सेंटर काफी कारगर साबित होने वाला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुशासन लागू करने के उनके इस अभियान में यह कॉल सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करेगा।

प्रधानमंत्री ने 'हेलो सरकार' में अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए आम जनता से टोल फ्री नंबर पर फोन करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा

कि इंटरनेट के जमाने में टोल फ्री नंबर के अलावा वाट्सएप, वाइबर, फेसबुक, मैसेंजर, एक्स (ट्विटर) या ई-मेल के जरिए भी अपनी शिकायत दर्ज कराने की सहूलियत दी गई है।

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए पीएमओ में रहे एक सचिव के नेतृत्व में टास्क फोर्स भी बनाया गया है, जो संबंधित मंत्रालय, विभाग या अन्य सरकारी निकाय से समन्वय कर जनता की शिकायत और समस्या का समाधान करेगा।

अमेरिका के डाक कर्मचारी ने की निवासियों से धोखाधड़ी, चुराए 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक

वाशिंगटन। अमेरिका में एक बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां के संयुक्त राज्य डाक सेवा (यूएसपीएस) के एक कर्मचारी ने अमेरिकी मेल से 14 करोड़ से अधिक रुपये के चेक चुराकर अपने बैंक खातों में जमा कर दिए। बता दें, हचिकोसेला खोस मुचिम्बा ने 16 फरवरी, 2020 को फ्रेंडशिप पोस्ट ऑफिस स्टेशन पर यूएसपीएस में एक मेल वाहक के रूप में काम करना शुरू किया था। 31 जनवरी, 2021 तक उसने यही काम किया।सिविल अदालत के आदेशानुसार, एक बैंक खाते से चार लाख डॉलर से अधिक यानी 3,30,98,160 रुपये जब्त किए गए है। यह खाता मुचिम्बा का बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शख्स ने धोखाधड़ी से 14 करोड़ से अधिक राशि जमा की, जो जब्त की गई राशि से दोगुनी से भी अधिक है। जांचकर्ताओं ने 13 दिसंबर, 2021 तक लोगों से चुराए गए चेक की सूची बनाई है।

बिना वेतन काम करने का आदेश

अदालत में दी गई याचिका के अनुसार, मुचिम्बा ने अमेरिकी

ट्रेजरी से चेक में बदलाव किया और उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से बैंक खातों में जमा करने से पहले अपना नाम और पता जोड़ा। बाद में अपने बैंक खातों में जमा करवा दिया। 29 मार्च को एक तलाशी वारंट जारी किए जाने के बाद, कानून प्रवर्तन ने ओल्नी, मैरीलैंड बैंक खाते में 3,30,98,160 रुपये से अधिक की जमा राशि की रसीदें भी बरामद कीं। वहीं, मेल और फंड के नुकसान में उसकी कथित संलिप्तता के कारण ऑफ-ड्यूटी (बिना वेतन) पर भेज दिया था।

लगातार कई चेक चोरी

बता दें, मामला सामने तब आया, जब इस साल जनवरी में अमेरिका में एक डाक ग्राहक ने शिकायत दी की मेल पर किसी ने धोखाधड़ी से बात की और ट्रेजरी चेक चोरी कर लिया। उसी समय, पांच और चेकों को चुराया गया था। यह सभी चेक एक ही खाते में जमा कराए गए थे।

चीन के नए नक्शे को लेकर नेपाल की संसदीय समिति प्रधानमंत्री से करेगी जवाब तलब

काठमांडू। चीन के नए विवादित नक्शे को लेकर नेपाल की संसदीय समिति ने प्रधानमंत्री से जवाब तलब करने का फैसला किया। संसद की अन्तरराष्ट्रीय समिति ने इस बारे में प्रधानमंत्री को समिति में आकर जवाब देने को कहा है।

अंतरराष्ट्रीय संसदीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि चीन के नए नक्शे पर सवाल जवाब के लिए प्रधानमंत्री

समिति में प्रधानमंत्री को बुलाकर नए नक्शे के बाद चीन के प्रस्तावित चीन भ्रमण में इस मुद्दे को उठाने के लिए कहा जाएगा।

नोट के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समिति के सभी सदस्यों की समान राय है कि प्रधानमंत्री को अपने चीन भ्रमण के समय इस विषय पर नेपाल का पक्ष जोरदार ढंग से रखा जाना चाहिए।

नेपाल के नए नक्शे के बारे में चीन को जानकारी देने को लेकर पूर्व विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली और वर्तमान विदेश मंत्री एनपी साउद की तरफ से अलग-अलग बयान आने के बाद उन दोनों से भी जवाब तलब किए जाएगा। संसदीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने कहा कि जल्द ही दोनों नेताओं को बुलाकर इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

बांग्लादेश के नौसेना प्रमुख हसन एडमिरल पद पर पदोन्नत

ढाका। बांग्लादेश के नौसेना प्रमुख एम नजमुल हसन को एडमिरल के पद पर पदोन्नत किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनके आधिकारिक निवास गणभवन में प्रधानमंत्री शेख हसीना की उपस्थिति में नौसेना प्रमुख को यह रैंक प्रदान किया गया। कार्यवाहक सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अताउल हकीम सरवर हसन और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल शेख अब्दुल हन्नान ने उन्हें नए रैंक बैज से अलंकृत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के सुरक्षा मामलों के सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी,

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव एम तोफज्जेल हुसैन मिया, सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान कर्मचारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वेकर-उज-जमान और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव गोलम मोहम्मद हशीबुल आलम भी उपस्थित रहे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में दवाओं को छोड़कर अन्य डिलीवरी सर्विस रहेगी बंद

नई दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में दवाओं को छोड़कर सभी ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर रोक रहेगी। राजधानी में आवश्यक सेवाओं जैसे डाक और चिकित्सा, मेडिकल जांच के लिए नमूना एकत्र करने की अनुमति होगी। ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं की अनुमति नहीं होगी, लेकिन दवाओं की डिलीवरी की जा सकेगी।

विशेष पुलिस आयुक्त (यातायात) एसएस यादव ने सोमवार को यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में

वाणिज्यिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। यादव ने बताया कि ह्यसुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशनह्न को छोड़कर अन्य मेट्रो सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने नई दिल्ली जिले में होटल बुक कराया हैं, जो हवाई अड्डा या रेलवे स्टेशन से आ-जा रहे हैं, उन्हें यात्रा करने की अनुमति होगी।

जी-20 शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र ह्यभारत मंडपमह्न में आयोजित होने वाला है।